ISSN 2231-3680

Centenary Year Special

ÂNVĪKṢIKĪ

आन्वीक्षिकी

Vol. XI **December 2015**

Chief Editor
Shriprakash Pandey

Editors
Ananda Mishra
Sachchidanand Mishra

DEPARTMENT OF PHILOSOPHY AND RELIGION

Publish under : Department of Philosophy and Religion
Banaras Hindu Univesity, Varanasi-5

Chief Editor : SHRIPRAKASH PANDEY

Editorial Board :
Prof. U.C. Duey
Prof. S. Vijaya Kumar
Prof. A.K. Rai
Prof. D.N. Tiwari
Prof. Kripa Shankar
Prof. D.B. Choube
Prof. R.K. Jha
Prof. Mukul Raj Mehata

Editors : **Ananda Mishra**
Sachchidanand Mishra

Ppric :

Printed at : The Mahaveer Press
Bhelupur, Varanasi-10.

EDITORIAL NOTE

I am immensely pleased to get the singular and momentous opportunity of presenting the Special issue of **Ānvikṣikî** in the Centenary Year of Banaras Hindu University. To mark the academic celebration of this great and grand event and also to carry forward the dauntless and enthusiastic spirit of maintaining the publication of excellent research findings by the founding fathers of the philosophical studies at this internationally renowned university, a serious attempt has been made to showcase the rainbow and emerging spectra of multy-faceted philosophical wisdom within the pages of this volume of **Ānvikṣikî** . The research articles included in this Special issue cover a vide range of debate and discussion on varied aspects of philosophical thinking by promising scholars who have made their remarkable niche in Indian Philosophical domain. Since **Ānvikṣikî '**is most vital academic organ of the department, it was considered essential to add even the profile in the grand history and tradition of the department which was once among the most celebrated centers of Advance Study in philosophy in India in 1960s and early 1970s. One can clearly hear the scholarly resonance and feel the vibration of Philosophical wisdom of the contributors in their learned writ-ups. This journal has been carrier and courier of the ideas and thinking of P.B. Adhikari, S.K. Maitra, S. Radhakrishnan, B.L. Atreya, T.R.V. Murty, N.K. Devraj, R.K. Tripathi and A.K. Chatterjee. All the contributors to this special volume deserve my special thanks and admiration. But for their help and cooperation, the publication of this issue would have been impossible. The blessings of Late Pt. Madan Mohan Malviya have been incessantly showering throughout during the preparation and publication of this volume and therefore, this special issue is dedicated with deep veneration and reverence to this memory of that Great Departed Soul.

Shriprakash Pandey

4 - Blank

CONTENTS

1. देवब्रत चौबे 7—17
Hkxonxhrk vkj egkeuk ekyoh; th

2. सच्चिदानन्द मिश्र 19—34
lfodYid iR;{k d vikek.; dh ck) nf"V

3. श्रीप्रकाश पाण्डेय 35—45
Jh vjfoUn n'ku dh rkfdd i"BHkfe

4. अरविन्द कुमार राय 47—65
vk/kfud foKku e iek.k ,o lkUn;

5. N.K. Devaraja 67—75
Contemporary Relevance of Traditional Indian Values

6. Sanjay Kumar Shukla 77—97
Philosophical Contributions of J.L.Mehta: Some Reflections

7. C.D. Sebastian 99—122
Speculative Metaphysics in A. K. Chatterjee

8. R.C. Pradhan 123—137
Reason and Beyond Reason: Nagarjuna's Metaphysics of Śūnyatâ and Its Contemporary Relevance

9. Debashish Guha, 139—162
Value Crises And The Fifth Pillar Response

10. Mukul Raj Mehta 163—173
Lord Mahavir And Jaina Value-Education

Black page 06

भगवद्गीता और महामना मालवीय जी

देवव्रत चौबे

''मेरा विश्वास है कि मनुष्य-जाति के इतिहास में सबसे उत्कृष्ट ज्ञान और अलौकिक शक्ति-सम्पन्न पुरुष भगवान् कृष्ण हुए हैं। मेरा दूसरा विश्वास यह है कि पृथ्वी मण्डल की प्रचलित भाषाओं में उन भगवान् कृष्ण की कही हुई भगवद्गीता के समान छोटे वपु में इतना विपुल ज्ञानपूर्ण कोई दूसरा ग्रन्थ नहीं है।''[१]

गीता एक ऐसा ग्रन्थ है जिसकी उत्पत्ति युद्ध के मैदान में हुई। दोनों ओर सेनाएँ खड़ी हैं, शंखनाद हो चुका है। उस समय दोनों सेनाओं के बीच में खड़ा हुआ अर्जुन अपने विपक्ष में अपने संबंधियों को देखकर अत्यन्त दुःखी होता है और मोह के कारण युद्ध नहीं करना चाहता। उसका मन नाना प्रकार की शंकाओं से ग्रस्त हो जाता है। इसलिए महामना कहते हैं कि ऐसी परिस्थिति में उसकी शंकाओं का समाधान कृष्ण को छोड़कर दूसरा कोई नहीं कर सकता था। क्योंकि कृष्ण साक्षात् ब्रह्म ही हैं। प्रत्येक धर्मग्रन्थ का अपना गुरु तथा अपना आचार्य होता है। जैसे बृहदारण्यक उपनिषद् के याज्ञवल्क्य हैं वैसे ही अन्य ग्रन्थों के ऋषि मुनि हैं। लेकिन गीता में स्वयं ब्रह्म मानव का रूप धारण कर अर्जुन को उपदेश दे रहे हैं। इसलिए कृष्ण का उपदेश आज की पीढ़ी के लिए भी उतना ही लाभप्रद है जितना अर्जुन के लिए था। मालवीय जी के शब्दों में- ''संसार में झगड़े होते हैं, उपद्रव होंगे और होते हैं। ऐसे संसार में, ऐसी स्थिति में जीवन लाभ देने वाला अमूल्य ग्रन्थ गीता ही है। इसमें धर्म और राजनीति का मेल है। पृथ्वी-मंडल पर ऐसी पुस्तक नहीं है, जब आपत्ति हो तब गीता से उत्तर पूछे और अनुकूल उपाय करे।''[२] गांधी जी भी हर संकट के समय गीता की शरण में जाते थे

और समस्याओं का समाधान पाते थे। उन्हीं के शब्दों में ''मैं तो अपनी सारी कठिनाइयों में गीता-माता के पास दौड़ा आता हूँ और अब तक आश्वासन पाता आया हूँ।''[३]

भारत के स्वातंत्र्य आन्दोलन में गीता की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। लोकमान्य तिलक, श्री अरविन्द, महामना पं० मदनमोहन मालवीय तथा महात्मा गांधी जैसे सभी दिग्गज नेता गीता से प्रभावित थे। क्योंकि गीता से उन्हें आत्मबल तथा निर्भयता मिलती थी। वे नेता मृत्यु से बिल्कुल ही भयभीत नहीं होते थे क्योंकि भगवान् स्वयं कहते हैं कि- मृत्युः सर्वहराश्चाहम्। मृत्यु तो साक्षात् भगवान् का रूप ही है। फिर भय किसका? लेकिन महामना को इस बात का कष्ट है कि गीता के उपदेशों को हमने सैकड़ों वर्षों तक व्यावहारिक धरातल पर नहीं उतारा। इसलिए हमारा देश पराधीन हो गया। वे कहते हैं कि हम भगवान् कृष्ण के निम्नलिखित कथन को भूल जाए-

उद्धरेदात्मनात्मानं नात्मानमवसादयेत्।
आत्मैव ह्यात्मनो बन्धुरात्मैव रिपुरात्मनः।। ६ : ५।।

'अपना उद्धार अपने आप करे, अपने को नीचे न गिरावे क्योंकि मनुष्य स्वयं ही अपना मित्र भी है और शत्रु भी है।' मालवीय जी कहते हैं कि- ''इस वाक्य के अनुसार हम लोगों की जो अधोगति हुई है वह हमारे ही दोषों और पापों से हुई है। हमारी उन्नति तभी होगी जब हम अपने उद्धार के लिए स्वयं यत्न करेंगे।''[४] महामना का ऐसा मानना है कि इधर हमारे देशवासियों के अन्दर भी यह चेतना पैदा हुई है कि हमें स्वतंत्रता प्राप्त करनी है तथा साथ ही साथ उन्नति के शिखर पर पहुँचना भी है। पराधीन देश उन्नति नहीं कर सकता। इसलिए लोकमान्य तिलक ने कहा कि- 'स्वराज्य हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है, हम इसे लेकर रहेंगे।' मालवीय जी भी कहते हैं कि- ''स्वतंत्रता प्राप्त करने का निश्चय अब पहले से भी कहीं अधिक प्रबल है।''[५] यहाँ पर यह अवधेय है कि हमारे देशभक्त नेताओं के साथ-साथ हमारे देशवासियों ने भी गीता को अपने जीवन से जोड़ा और अन्त में स्वतंत्रता की प्राप्ति हुई।

महामना मालवीय जी मानते थे कि गीता ने कर्म करने की विलक्षण पद्धति मानवजाति को सिखायी है। भगवान् कृष्ण का उपदेश है कि सामाजिक जीवन के संघर्षों के बीच रहते हुए व्यक्ति को अपना कर्तव्य निःस्पृह होकर करते रहना है। कर्म करना

मनुष्य का स्वभाव है। कोई भी मनुष्य कर्म का त्याग नहीं कर सकता। इसलिए आवश्यकता इस बात की है कि फलाशा छोड़कर कर्म किया जाय। यदि ऐसा नहीं किया गया तो मनुष्य उस ऊँचे लक्ष्य से भटक जाएगा जिसके लिए उसका अस्तित्व है। मालवीय जी के शब्दों में- ''जो लोग निष्काम भाव से काम नहीं करते, किन्तु अपने यश-कीर्ति या किसी और उद्देश्य से करते हैं, वे अपने कार्यों में सफल नहीं होते। न ऐसे कई लोग आपस में मिलकर किसी कार्य को चला सकते हैं। कारण यह कि एक समझता है कि 'इससे अमुक का नाम हो रहा है, मैं इसमें क्यों अपना समय और शक्ति नष्ट करूँ?' ऐसा ही दूसरा समझता है और ऐसा ही तीसरा- परिणाम यह होता है कि उन लोगों में परस्पर ईर्ष्या और द्वेष उत्पन्न हो जाते हैं और कार्य सफल नहीं होने पाता। किन्तु जहाँ निष्काम भाव से कार्य होता है वहाँ लोग एक-दूसरे की सफलता देखकर प्रसन्न होते हैं और एक दूसरे के प्रति प्रेम और सहानुभूति का भाव उत्पन्न होता है और कार्य में शीघ्र ही सफलता प्राप्त होती है। सकाम भाव से कार्य करने वालों को आपत्तियाँ कार्य करने से विमुख कर देती है।''[६]

व्यवहार में प्रायः देखा जाता है कि फल की कामना से जो व्यक्ति कार्य करता है, वह कामना की पूर्ति न होने पर नाना प्रकार के विकारों से ग्रसित हो जाता है। संकीर्णता से दुर्बल हो जाता है। आपत्ति आने पर किंकर्त्तव्यमूढ़ हो जाता है। इसीलिए तो भगवान् कृष्ण आसक्त भाव से कार्य न करने की शिक्षा देते हैं। मालवीय जी कहते हैं कि अनासक्त भाव से काम करने वाला व्यक्ति विपत्तियों से न घबड़ाता है और न अपने काम से पीछे हटता है। क्योंकि वह उस कार्य को ईश्वर का कार्य मानता है। उन्हीं के शब्दों में ''निष्काम भाव से कर्म करने वाले लोग यह समझकर कि जो कार्य हम कर रहे हैं वह ईश्वर का कार्य है और इसमें ईश्वर हमारा सहायक है किसी विघ्न या बाधा के कारण पीछे नहीं हटते।''[७] उनमें सामाजिक हित की भावना विद्यमान रहती है।

महामना का कहना है कि निष्काम भावना से यदि हम कार्य करेंगे तो देश में परस्पर फूट एवं विरोध के जितने कारण हैं वे सभी नष्ट हो जायेंगे तथा राष्ट्र बलशाली हो जाएगा। जातीय दुर्बलता का विनाश हो जाएगा।[८] लेकिन दुर्भाग्य यह है कि स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद हम उनके कथन को भूल गए और इतने स्वार्थी हो गए कि हमारे अन्दर

से सामाजिक हित की भावना ही लुप्त हो गई। देश की प्रगति इसी कारण अवरुद्ध हो गई। ''हम सामाजिक संदर्भ में बुरी तरह विफल हैं। सामाजिक संपत्ति किसी की सम्पत्ति नहीं है। सार्वजनिक नल किसी का नल नहीं है। हम केवल अपने ही नलों से संबंध ा रखते हैं। हम गली में लगे सार्वजनिक नल से पानी बहता और नष्ट होना स्वीकार कर लेते हैं, हमें दुख नहीं होता क्योंकि यह मेरा नहीं है। इस प्रकार की स्व की क्षुद्रता ने हमारे राष्ट्र को आच्छादित कर लिया है और दुर्बल बना दिया है।''[६] इसीलिए महामना कहते हैं कि इस प्रकार की संकीर्णता से मुक्ति गीता के कर्मयोग की शिक्षा से ही मिल सकती है।

मालवीय जी मानते थे कि गीता का संन्यास कर्ममात्र के त्याग को स्वीकार नहीं करता, निष्कामता को स्वीकार करता है। कर्म के ईश्वर अर्पण को स्वीकार करता है। वे कहते हैं– ''फलासक्ति को त्याग कर किए हुए लोकहितकर कार्य भगवान् द्वारा अवश्य पुरस्कृत होते हैं। सच्ची निष्ठा के साथ किया गया कोई कर्म आज तक भगवान् से अपुरस्कृत नहीं रहा। जो कुछ करो, धरो, भगवान् को समर्पित करते चलो, यही मानव जीवन की सार्थकता है।''[१०] ऐसे कर्मों के करने से व्यक्ति, समाज, राष्ट्र और विश्व का कल्याण तो होता ही है, साथ ही साथ भगवत् प्राप्ति भी हो जाती है। इसलिए वे भक्तिमिश्रित निष्कामकर्मयोग को ही विशेष महत्व देते थे।

उनका कहना था कि गीता में स्वयं भगवान् कृष्ण कर्मयोगियों को इस बात की शिक्षा देते हैं कि केवल कर्तव्य कर्म करना ही पर्याप्त नहीं है बल्कि हमें सभी कार्यों को इस भावना से करना चाहिए कि हम भगवान् के सेवक हैं।[११] लोकमान्य तिलक कहते हैं कि परमेश्वर को अर्पण कर सभी कर्मों को निष्काम बुद्धि से लोकसंग्रहार्थ करते रहने से यह एक बड़ा भारी यज्ञ हो जाता है और फिर इस यज्ञ के लिए जो कर्म किया जाता है, वह बंधन नहीं होता। और अंत में मोक्ष की प्राप्ति हुए बिना नहीं रहती।[१२]

आचार्य शिवपूजन सहाय ने अपने एक लेख में लिखा है कि ''गीताप्रवचन में महामना विशेषतः ईश्वरभक्ति, ईश्वरप्रार्थना और ईश्वरोपासना पर ही जोर देते थे। गीता का अमर संदेश यही बतलाते थे कि निष्कपट भाव से मनुष्य भगवद् भजन में दत्तचित्त ही रहे। साथ ही उनका यह भी कहना था कि भगवत्प्रीत्यर्थ कर्म करते हुए ही भजन

सुमिरन होना चाहिए। जीवदया और लोकोपकार की प्रेरणा से किए हुए सभी कर्म भगवान् को संतुष्ट करते हैं। अतः भक्ति और भजन के बहाने लौकिक कर्मों से उदासीन या विरक्त होना उचित नहीं।''

आचार्य सहाय महामना की यह भी विशेषता बतलाते थे कि वे गीता के शब्दों का नये-नये अर्थों में भी प्रयोग करते थे। सहाय के ही शब्दों में- ''जैसे 'सततं कीर्त्तयन्तो मां' में जो 'सततं' शब्द है उसके संबंध में उन्होंने बताया था कि इस शब्द का अर्थ 'निरंतर तो है ही, 'तत' का अर्थ 'वीणा' भी है, अतः वीणामृदंगादि के साथ संकीर्तन करने से भगवान् विशेष प्रसन्न होते हैं, क्योंकि संगीत द्वारा मनुष्य में तल्लीनता आती है और वह अनायास भगवद् भजन में तन्मय हो जाता है। गीता के आरम्भ के प्रथम श्लोक में जो 'युयुत्सवः' शब्द है उसका अर्थ योद्धागण तो है ही, उसमें 'युयुत्सु' मल्लविद्या का भी सूचक है; क्योंकि उस युग में सभी वीर पुरुष मल्लविद्या में निपुण होते थे और जापान में मल्लविद्या के लिए जो 'युयुत्सु' शब्द प्रचलित है वह भारतवर्ष की ही देन है, अतः सब लोगों को कसरत करना चाहिए और कसरती शरीर के लिए ब्रह्मचर्यपालन परमावश्यक है तथा ब्रह्मचर्य की रक्षा के लिए विशुद्ध गो दुग्धपान सर्वथा अनिवार्य है।''[१३] इसलिए महामना कहते हैं कि सब जाति, धर्म और सम्प्रदाय के मनुष्यों को गो वंश को बलवान् तथा दीर्घायु बनाना चाहिए जिससे शुद्ध और सस्ता गौ का दूध ा गरीब से गरीब भाइयों को भी मिल सके।[१४] गो से जितना हित होता है उसकी माप नहीं। ऐसा प्रतीत होता है कि मालवीय जी के गो सेवा तथा गो रक्षा संबंधी विचार कृष्ण के इस कथन से ही उत्पन्न हुए थे कि 'गायों में मैं सुरभि हूँ।'[१५] श्री वासुदेवशरण अग्रवाल जी लिखते हैं कि ''उनकी (मालवीय जी की) निजी दृष्टि में और उनके सब कार्यों में उनके गो-रक्षा संबंधी प्रयत्न उनके हृदय के निकटतम थे।''

महामना गीता की समत्व की अवधारणा को उसकी मौलिक देन मानते हैं। उनका कहना है कि जो भेदभाव समाज में हमें दीखता है वह अज्ञानता का परिणाम है। ज्ञानी की दृष्टि में विद्वान्, गाय, हाथी, कुत्ता, चाण्डाल सब एक समान हैं।[१६] शाश्वत तत्त्व सबमें एक ही जैसा है। ब्रह्म की ज्योति सभी शरीरों में रहती है। उस पर उन शरीरों के अन्तर का कोई प्रभाव नहीं पड़ता जिसे वह प्रकाशित करती है। वे कहते हैं कि

भगवान् कृष्ण समदर्शी व्यक्ति की सबसे बड़ी विशेषता यह बतलाते हैं कि जैसे वह अपना भला चाहता है, उसी तरह वह सबका चाहता है।[१७] भगवान् कृष्ण ऐसे समदर्शी को सर्वश्रेष्ठ योगी कहते हैं क्योंकि वह केवल स्वान्तः सुख के लिए सिद्धि नहीं चाहता अपितु अन्यों के लिए भी चाहता है।

यहाँ पर यह बतलाना आवश्यक जान पड़ता है कि साम्यबुद्धि की प्राप्ति के लिए ईश्वर की भक्ति आवश्यक है। क्योंकि भगवान् कृष्ण का कहना है कि सभी प्राणियों में मैं समभाव से रहता हूँ। न तो मैं किसी से द्वेष करता हूँ, न पक्षपात। किन्तु जो भी भक्तिपूर्वक मेरी सेवा करते हैं, वे मेरे अन्दर हैं और मैं भी उनके अन्दर हूँ।[१८] महामना कहते हैं कि भगवद् भक्ति ही एकमात्र ऐसी विधि है जिसके द्वारा सामाजिक विषमता एवं अन्याय को मिटाया जा सकता है। भक्ति का द्वार सबके लिए खुला है। उच्च तथा निम्नजाति का कोई भेद नहीं है। भगवान् कृष्ण स्वयं कहते हैं कि वैश्य-शूद्र, स्त्री सभी मेरी शरण में आकर उत्तम गति को प्राप्त कर सकते हैं। महामना का ऐसा मानना है कि भक्ति में द्वैतभावना का निराश होता है और प्राणिमात्र में एकता का भाव उपजता है। भगवान् कृष्ण को ऐसी ही भक्ति वांछनीय है।[१९] साम्य-बुद्धि प्राप्त भक्त संपूर्ण विश्व को अपना परिवार मानते हैं क्योंकि उनको सर्वत्र यही दीखता है कि मैं सब प्राणियों में हूँ और सब प्राणी मुझमें हैं।[२०] वे प्राणियों की सेवा को ईश्वर की ही सेवा मानते हैं क्योंकि ईश्वर सबमें निवास करते है। वे कहते हैं कि प्राणिमात्र में ईश्वर का भाव देखना ही उसकी सबसे उत्तम पूजा है।[२१] चूँकि वह प्राणिमात्र में विद्यमान है इसलिए सभी जीवधारियों से प्रेम करना चाहिए तथा सभी के हित में सर्वदा लगे रहना चाहिए।

मालवीय जी कृष्ण की इस प्रतिज्ञा को प्रेरक मंत्र मानते हैं कि 'सब धर्मों का भरोसा छोड़कर केवल मेरी शरण में आओ। मैं तुम्हें सब पापों से छुड़ा दूँगा। सोच मत करो।' वे कृष्ण के इस कथन को इसलिए प्रेरणा का स्रोत मानते हैं क्योंकि भगवान् पूर्ण रूप से हम सबसे आत्मसमर्पण चाहते हैं तथा वे इसके फलस्वरूप हमें ऐसी शक्ति प्रदान करते हैं जो प्रत्येक परिस्थिति को बदल देती है। अर्जुन को निमित्त बनाकर भगवान् हम सभी को यह आश्वासन देते हैं कि अपने आप को जो मुझ कृष्ण पर समर्पण कर देगा उसका मार्गदर्शन मैं स्वयं करता रहूँगा। इसलिए मालवीय जी कहते हैं कि- ''जो लोग

अपना मंगल चाहते हैं। उनको चाहिए कि भगवान् कृष्ण की शरण में आवें।''[२२]

महामना कहते हैं कि गीता में दैवीय हस्तक्षेप का आश्वासन कई बार दिया गया है। भगवान् कृष्ण स्वयं कहते हैं कि प्रत्येक युग में जब कभी धर्म का ह्रास होता है और अधर्म बढ़ने लगता है तब मैं साधुओं की रक्षा के लिए तथा दुष्टों के दलन और धर्म की स्थापना के लिए जन्म धारण करता रहता हूँ। उनका यह आश्वासन संपूर्ण मानव जाति को अन्याय, अधर्म और अनर्थ के विरोध में संघर्ष करने की प्रेरणा देता है। मालवीय जी के शब्दों में- ''धर्म के लिए सब कुछ अर्पण कर दे, प्राण तक दे दे, पर अधर्म और अनर्थ न होने दे। जहाँ धर्म है, वहाँ परमात्मा का भरोसा है।''[२३]

यहाँ पर यह उल्लेखनीय है कि मालवीय जी अहिंसा के पक्षधर होते हुए भी न्याय एवं धर्म की रक्षा के लिए हिंसा का समर्थन करते हैं। वे गांधी जी की तरह यह नहीं मानते कि गीता में हिंसा का समर्थन नहीं किया गया है। वे कहते हैं कि गीता के उपदेश के फलस्वरूप ही अर्जुन युद्ध के लिए तैयार हो गया। उन्हीं के शब्दों में- ''कृष्ण भगवान् ने कहा, हे अर्जुन! हे परंतप! शत्रुओं को तपाने वाले, आज तुम में कश्मल कहाँ से आया, आज आर्य धर्म को कैसे छोड़ने लगे, यह दुर्बलता कहाँ से आई? उठो, यह पौरुषहीनता छोड़ दो, मारो और मरो। भगवान् ने अर्जुन को वीर रस से भर दिया।''[२४] यदि व्यापक हित के लिए हिंसा अनिवार्य प्रतीत हो तो वैदिक दृष्टि उसका निषेध नहीं करती। लोकमान्य तिलक इसी मत के पक्षधर हैं। उन्हीं के शब्दों में- ''किसी समाज और राष्ट्र के कल्याण के लिए आततायी पुरुष का विनाश करने से 'अहिंसा परमो धर्म' की नीति की उपेक्षा नहीं होती।'' महामना भी कहते हैं कि- ''धर्म और उद्यम दोनों को लेकर अधर्म का, अन्याय का नाश करना जरूरी है। हिम्मत न छोड़ो। भगवान् का वचन है कि दुष्टों का दमन करो और धर्म की स्थापना करो।''[२५] भगवान् कृष्ण के उपदेश में दुर्बलता और भावुकता के लिए कोई स्थान नहीं है। उपनिषद् और गीता दोनों केवल शक्ति की महत्ता बतलाते हैं। स्वामी विवेकानन्द कहते हैं कि 'शक्ति, शक्ति, केवल यही ध्वनि उपनिषदों के प्रत्येक पृष्ठ से मुझ तक आती है।'' गीता के श्लोक हमें निद्रा से जगाते हैं और उत्साह देते रहते हैं। इसलिए मालवीय जी लिखते हैं कि- ''जिसका मित्र उत्साह बढ़ाने वाला हो, जिसको धर्म का बल हो, उसे विजय प्राप्त होती है। पुनः उन्हीं के शब्दों

में- ''भगवान् अपने भक्त अर्जुन के साथ युद्ध में सदा रहने के लिए और उनको उत्साह देने के लिए, उनके सारथी बने।''[२६]

गीता के इस श्लोक 'स्वधर्मे निधनं श्रेयः परधर्मो भयावहः' में मालवीय जी का अटूट विश्वास है। उनका कहना है कि यह श्लोक हम सभी को अपने ऊपर भरोसा रखने का संदेश देता है। किसी अन्य के साँचे में अपने को न ढालना ही स्वधर्म है। सुभाषचन्द्र बोस लिखते हैं कि बंगाली के लिए स्वधर्म का त्याग आत्महत्या के समान पाप है। बंग जननी तरुण संन्यासियों का दल चाहती है।.....यदि स्वदेश सेवा में प्राण विसर्जन करना पड़े तो स्वर्गद्वार तुम्हारे लिए खुला है।[२७] मालवीय जी के अनुसार भी आर्य सन्तान का सबसे बड़ा धन स्वधर्म है। इसलिए उन लोगों ने सामर्थ्य रहते स्वधर्म का त्याग नहीं किया। उनका कहना है कि भगवान् कृष्ण ने चातुर्वर्ण्य के विषय में यह कहा है कि ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र इन चार वर्णों की रचना मैंने गुण और कर्म के भेद से की है। अपने पृथक्-पृथक् नियत स्वकर्मों का पालन ही स्वधर्म है। वर्ण व्यवस्था का विधान प्रत्येक मनुष्यों को संगठित कर उन्हें सुखी, सुसम्पन्न, स्वतंत्र और अन्त में मुक्त बनाने के लिए हुआ है। समाज में सभी धर्मों का मूल्य एक जैसा है। गांधी जी मालवीय जी की तरह ही प्रत्येक वर्ण के निर्धारित कर्म को महत्वपूर्ण मानते थे। उन्हीं के शब्दों में- ''समाज में एक का धर्म झाड़ू देने का होता है और दूसरे का धर्म हिसाब रखने का होता है। हिसाब रखने वाला भले ही श्रेष्ठ गिना जाय परन्तु झाड़ू देने वाला अपना धर्म त्याग दे तो वह भ्रष्ट हो जाएगा और समाज को हानि पहुँचेगी। ईश्वर के दरबार में दोनों की सेवा का मूल्य उनकी निष्ठा के अनुसार कूता जाएगा। पेशे की कीमत वहाँ तो एक ही होती है। दोनों ईश्वरार्पण बुद्धि से अपना कर्त्तव्य-पालन करें तो समान रूप से मोक्ष के अधिकारी बनते हैं।''[२८] यहाँ यह स्पष्ट है कि कोई भी नियत कर्म ऊँचा-नीचा नहीं है।

महामना ने १० सितम्बर १९३५ को हिन्दू विश्वविद्यालय के छात्रों और अध्यापकों की विशाल सभा में भाषण देते हुए कहा था कि आप के जीवन को पवित्र, सुखी और नियतयुक्त बनाने में गीता का यह श्लोक बहुत ही लाभदायक सिद्ध होगा-

युक्ताहारविहारस्य युक्तचेष्टस्य कर्मसु।
युक्तस्वप्नावबोधस्य योगो भवति दुःखहा।। ६ : १७।।

उपर्युक्त श्लोक हमें यह शिक्षा देता है कि जीवन के लिए परमितता और नियमन आवश्यक है। व्यक्ति को सभी कर्मों में संयम रखना चाहिए। आहार-निद्रा का सेवन आवश्यकता से अधिक नहीं करना चाहिए। उन्हीं के शब्दों में- ''सभी बातों में संयम सीखो। वाणी में संयम, भोजन में संयम रखो और अपने सभी कार्यों में शीलवान् बनो।'' गीता की यही शिक्षा है कि मनुष्य-समाज का कल्याण जीवन को संयमित एवं नियमित रखने में ही है।

मालवीय जी गीता से कितने प्रभावित थे इसका अनुमान इस बात से लगाया जा सकता है कि वे गीता का संदेश छात्रों, अध्यापकों और सामान्यजनों तक पहुँचाने के लिए अनवरत प्रयास करते रहे। उन्हीं के अनुसार- ''मेरा विश्वास है कि काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के कार्यक्रम में साप्ताहिक गीता प्रवचन का प्रबंध अन्य विषयों के पठन-पाठन से कम गौरव का नहीं है, बल्कि सबसे अधिक गौरव का है। यह हमारे कल्याण का साधन है। जो विद्यार्थी और अध्यापक काशी हिन्दू विश्वविद्यालय से सम्बद्ध हों उनके लिए यह आवश्यक है कि वे इसमें सम्मिलित होकर इसका पुण्यफल पावें।''[२९] गीता जयन्ती पर भाषण देते हुए वे कहते हैं कि- ''गीता जयन्ती को प्रार्थना करनी चाहिए। प्रतिवर्ष उत्सव मनावें, रविवार को जहाँ जिस-जिस जगह देश में भारतवासी हिन्दू, सिक्ख, बौद्ध, जैन, ईसाई, मुसलमान कोई भी हो, जो भारतवर्ष की सन्तान हैं या भारतवर्ष के दिव्य संदेश के प्रेमी हैं, वे सब प्रत्येक रविवार को आठ से नौ बजे सबेरे गीता-पाठ करें।''[३०] उन्हें ऐसा विश्वास है कि गीता का पाठ करने वाला व्यक्ति विष्णु लोक को प्राप्त करता है। वे कहते हैं कि प्रतिदिन जल स्नान करने वाले मनुष्य का बाहरी मल धुल जाता है; किन्तु गीता रूपी जल में एक बार के स्नान मात्र से संसार रूपी मल नष्ट हो जाता है। गीता के लिए कहा गया है :-

सर्वोपनिषदो गावो दोग्धा गोपालनन्दनः।
पार्थो वत्सः सुधीर्भोक्ता दुग्धं गीताऽमृतं महत्।।

सभी उपनिषद् गौ हैं, उनको दुहने वाले गोपालनन्दन कृष्ण हैं, अर्जुन बछड़े हैं, बुद्धिमान लोग दूध पीने वाले हैं और गीता ही अमृतमय दुग्ध है। इसलिए हम सबका यह कर्तव्य है कि अर्जुन की तरह अधिकारी बनकर गीतामृत रूपी दूध का पान करें। और उस अमृत को पीकर लौकिक तथा पारलौकिक जीवन को सफल बनावें। महामना की दृष्टि में इसीलिए ''गीता संसार का एक अनमोल रत्न है और उसके एक-एक अध्याय में कितने रत्न भरे पड़े हैं। इसके पद-पद और अक्षर-अक्षर से अमृत की धारा बहती है।'' जीवन के विकास के विचारों से यह ग्रन्थ भरा पड़ा है। यह विकास का कोष है। उनके अनुसार- ''जैसे अंधेरे में लालटेन हमें प्रकाश देती है और हमें ठीक मार्ग बताती है, ठीक उसी प्रकार गीता भी हमें कर्तव्य और अकर्तव्य का ज्ञान कराती है। यह हमें आध्यात्मिक और सांसारिक दोनों का ऊँचे से ऊँचा उपदेश देती है।''[३१] वे यह भी कहते थे कि यदि हम गीता के सिद्धान्तों को अपने आचरण में ढालने की कोशिश करेंगे तो उत्तरोत्तर शुद्ध होते जायेंगे।

महामना को विश्वास है कि गीता का दर्शन ही पूरी दुनिया को एक सूत्र में बाँधा सकता है तथा भयानक विनाश से बचा सकता है। इसलिए वे कहते थे कि हिन्दू विश्वविद्यालय के छात्रों और अध्यापकों का पुनीत कर्तव्य है कि गीता का अध्ययन कर देशभर में उसका प्रचार करें। क्योंकि हिन्दू धर्म केवल हिन्दुओं की सेवा का ही पक्षधर नहीं है। उसने सर्वदा संपूर्ण मानवजाति की सेवा करके ही आत्मतुष्टि का अनुभव किया है।

आचार्य, दर्शन एवं धर्म विभाग, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी

संदर्भ ग्रन्थ सूची

१. महामना मालवीय जी की अभिलाषा, कल्याण, भाग-४, अंक-१, श्रीमद्भगवद्गीताङ्क, पृ० १२ क, (संपादक-बाबा) राघवदास, हनुमानप्रसाद पोद्दार, गीता प्रेस, गोरखपुर, संवत् १९८६
२. महामना श्री पण्डित मदनमोहन जी मालवीय के लेख और भाषण (भाग-१ धार्मिक), संकलनकर्ता-वासुदेवशरण, पृ० १६८, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, १९६२
३. महात्मा गांधी, गीता माता, भूमिका, यरवदा जेल, ४-११-१९३०, सस्ता साहित्य मण्डल प्रकाशन, नई दिल्ली, २०१०
४. अभ्युदय, मार्गशीर्ष-कृष्ण ९, सं० १९६४

५. सीताराम चतुर्वेदी, महामना पण्डित मदनमोहन मालवीय (तृतीय खण्ड) पृ० २०६, पौष कृष्णाष्टमी, संवत् १९९३ वि०
६. अभ्युदय, २६ मार्च १९०९
७. वही
८. वही
९. स्वामी रंगनाथानन्द, भगवद्गीता का सार्वजनीन संदेश (भाग-१) पृ० १६०, रामकृष्ण मठ, नागपुर, २००९
१०. नागरी प्रचारिणी पत्रिका, महामना जन्मशती विशेषांक, अंक-२-३-४, पृ० ५४६, काशी नागरी प्रचारिणी सभा, संवत् २०१८
११. गीता ३ : ३०, १८ : ५९-६२
१२. लोकमान्य तिलक, श्रीमद्भगवद्गीतारहस्य अथवा कर्मयोगशास्त्र, पृ० २९२, राधा पब्लिकेशन, नई दिल्ली, २००७
१३. नागरी प्रचारिणी पत्रिका, अंक-२-४, पृ० ५४६, संवत् २०१८
१४. 'सनातनधर्म' साप्ताहिक मुखपत्र, वर्ष-२, अंक-१६, १५ नवम्बर १९५४ ई०
१५. गीता १० : २८
१६. गीता ५ : १८, महामना श्री पण्डित मदन मोहन जी मालवीय के लेख और भाषण, पृ० ३६
१७. गीता ६ : ३२, वही
१८. वही ९ : २९
१९. वही १२ : १३-१९
२०. वही ६ : २९
२१. महामना श्री पण्डित मदनमोहन जी मालवीय के लेख और भाषण, पृ० ४१
२२. वही, पृ० ४६
२३. वही, पृ० १७४
२४. वही, पृ० १६८
२५. वही, पृ० १६७
२६. वही, पृ० ५०
२७. विवेक ज्योति, वर्ष-५३, अंक-८, पृ० ३८४, रामकृष्ण मिशन, विवेकानन्द आश्रम, रायपुर, अगस्त २०१५
२८. महात्मा गांधी, गीता माता, पृ० ९०, सस्ता साहित्य मण्डल प्रकाशन, नई दिल्ली, २०१०
२९. महामना पण्डित मदनमोहन मालवीय (द्वितीय खण्ड), पृ० ०१
३०. सनातन धर्म, साप्ताहिक मुखपत्र, वर्ष ३, अंक-२१, पृ० १५, १५ दिसम्बर १९३५ ई०।
३१. महामना पण्डित मदनमोहन मालवीय (द्वितीय खण्ड), पृ० ०६।

Black page 18

सविकल्पक प्रत्यक्ष के अप्रामाण्य की बौद्ध दृष्टि

सच्चिदानन्द मिश्र

ज्ञान को हम दो प्रकारों में बाँट सकते हैं एक तो वे ज्ञान जो नाम, जाति आदि को विषय करते हैं तथा दूसरे वे जो नाम जाति आदि को विषय नहीं करते। हमारे सारे व्यवहार सविकल्पक ज्ञान पर आधारित होते हैं। वह चाहे सफल हो या असफल हमारी हर एक प्रवृत्ति सविकल्पक ज्ञान पर ही आधारित होती है। निर्विकल्पक ज्ञान से कोई भी व्यवहार सम्भव नहीं होता है। इसी कारण तत्त्वचिन्तामणि में गंगेशोपाध्याय निर्विकल्पक प्रत्यक्ष को भ्रम तथा प्रमा दोनों से बहिर्भूत मानते हैं।[1] वस्तुतः यदि कोई दार्शनिक सम्प्रदाय सफलप्रवृत्तिजनकता को या संवादकता को ज्ञान के प्रमात्व या अप्रमात्व की कसौटी मानता हो तो ऐसा सरलतया प्रतीत होता है कि उस सम्प्रदाय को सविकल्पक ज्ञान का परिस्थितिविशेष में प्रमात्व तथा अप्रमात्व दोनों ही स्वीकार करना चाहिए। इसी कारण यह अकारण नहीं है कि भारतीय दर्शन परम्परा में सामान्यतया सविकल्पक प्रत्यक्ष का प्रामाण्य स्वीकार किया जाता है। चूँकि हमारी सफल प्रवृत्ति अनेक बार सविकल्पक प्रत्यक्ष पर निर्भर होती है। इस कारण सविकल्पक प्रत्यक्ष का प्रामाण्य स्वीकार करना आवश्यक हो जाता है। इसी कारण जिस प्रकार से निर्विकल्पक प्रत्यक्ष का प्रामाण्य स्वीकार किया जाता है, उसी के समानान्तर सविकल्पक प्रत्यक्ष का भी प्रामाण्य स्वीकार्य है। यहाँ तक कि मध्व परम्परा के अनुयायी निर्विकल्पक प्रत्यक्ष का प्रामाण्य नहीं स्वीकार करते हैं परन्तु सविकल्पक प्रत्यक्ष का प्रामाण्य उन्हें भी स्वीकृत है। यही रीति सामान्यतया अन्य दर्शनों में भी दिखती है। परन्तु दिङ्नाग व धर्मकीर्ति का अनुगमन करनेवाली बौद्ध परम्परा में इसके विपरीत प्रवृत्ति दिखायी देती है। दिङ्नाग व धर्मकीर्ति प्रत्यक्ष में केवल निर्विकल्पक

को ही प्रमाण मानने का पक्ष रखते हैं, जो कि एक अनूठा पक्ष है। दिङ्नाग व धर्मकीर्ति जब कहते हैं कि केवल दो ही प्रमाण हैं प्रत्यक्ष व अनुमान क्योंकि उनके अनुसार केवल दो ही प्रकार के विषय हैं स्वलक्षण तथा सामान्यलक्षण। यदि ये ही दो प्रमाण हैं, जिसमें कि प्रत्यक्ष सर्वथा कल्पनापोढ हुआ करता है, तो सविकल्पक प्रत्यक्ष के प्रामाण्य की बात कहीं से भी स्वीकार्य नहीं प्रतीत होती। बौद्ध अवधारणा के अनुसार दूसरे शब्दों में कहा जा सकता है कि दो प्रकार के ज्ञान होते हैं। एक तो ऐसे ज्ञान जो शुद्ध संज्ञानात्मक होते हैं और दूसरे जो शुद्ध संज्ञानात्मक नहीं होते। यही शुद्ध संज्ञानात्मक ज्ञान निर्विकल्पकात्मक ज्ञान है। इसके विपरीत सविकल्पक ज्ञान शुद्ध संज्ञानात्मक नहीं होता। उसमें हमारी कल्पना का समावेश होने के कारण उसका प्रामाण्य नहीं स्वीकार किया जाता। इस प्रकार प्राथमिक दृष्टि से सविकल्पक प्रत्यक्ष का प्रामाण्य बौद्ध दार्शनिकों को स्वीकार्य नहीं है, ऐसा ही प्रतीत होता है। दिङ्नाग प्रमाणसमुच्चय में चार प्रकार के प्रत्यक्षाभासों की गणना करते हैं। उनमें संवृतिसत् ज्ञान का भी परिगणन है। यह संवृतिसत् ज्ञान प्रत्यक्ष न होकर प्रत्यक्षाभास है। इसी प्रकार दिङ्नाग का अनुसरण करते हुए प्रमाणवार्तिक में धर्मकीर्ति भी चार प्रकार के प्रत्यक्षाभासों का परिगणन करते हुए संवृति सत् ज्ञान यानी सविकल्पक प्रत्यक्ष को प्रत्यक्षाभास के रूप में परिगणित करते हैं। ध्येय यह है कि इन प्रत्यक्षाभासों में अनुमान की परिगणना है, जबकि बौद्ध परम्परा में अनुमान को प्रमाण के रूप में मान्यता दी गयी है। इस कारण किसी ज्ञान के प्रत्यक्षाभास होने से उस ज्ञान का अप्रामाण्य भी हो यह आवश्यक नहीं है। इस कारण यह विचारणीय हो जाता है कि बौद्ध परम्परा में इस सविकल्पक प्रत्यक्ष को प्रमाण नहीं माना जाता है या इसका किसी प्रमाण में अन्तर्भाव होता है। प्रत्यक्ष की परिभाषा लागू न होने के कारण सीधे-सीधे इस निष्कर्ष पर पहुँच जाना जल्दबाजी होगी कि बौद्ध परम्परा में सविकल्पक प्रत्यक्ष का प्रामाण्य नितान्त अस्वीकार्य है। यह भी ध्यातव्य है कि बौद्ध परम्परा में धर्मकीर्ति अनेक स्थलों पर अनुमान की भ्रान्तिरूपता का प्रतिपादन करते हैं। परन्तु अनुमान का प्रामाण्य धर्मकीर्ति के अनुसार स्वीकृत नहीं हो, ऐसा नहीं है। वे अनुमान का प्रामाण्य स्वीकार करते हैं। इसी कारण यह प्रश्न विशेष रूप से विवेचनीय हो जाता है कि बौद्ध परम्परा में इस सविकल्पक प्रत्यक्ष के प्रामाण्य की क्या स्थिति है? क्या यह अनुमान में अन्तर्भूत है? या नितान्त अप्रमा है?

प्रस्तुत आलेख में मेरा उद्देश्य यह विवेचित करना है कि इन बौद्ध दार्शनिकों की दार्शनिक रुझान क्या है, जिसके अनुसार वे सविकल्पक प्रत्यक्ष के प्रामाण्य का निषेध करने में सक्षम हैं। इस आलेख में सविकल्पक प्रत्यक्ष के प्रामाण्य को सिद्ध करनेवाली न्याय या मीमांसा आदि दर्शनों की युक्तियों को सामान्यतया प्रस्तुत करने का हमारा उद्देश्य नहीं है, अपितु सिर्फ यह देखने का प्रयास है कि बौद्ध दार्शनिकों की इस स्वीकृति का आधार क्या है? संक्षेप में कहा जाये तो बौद्ध परम्परा के अन्दर रहते हुए यह देखने की हमारी कोशिश है कि सविकल्पक प्रत्यक्ष को धर्मकीर्ति तथा उनके अनुयायी प्रमाण क्यों नहीं मानते।

यद्यपि न्याय दर्शन के सिद्धान्तों का अनुसरण करते हुए अगर हम देखें, तो यह सुस्पष्ट है कि निर्विकल्पक तथा सविकल्पक दोनों ही प्रत्यक्षों के विषय समान होते हैं। इन दोनों ही प्रत्यक्षों के विषयों में कोई अन्तर नहीं है। नव्यनैयायिक निर्विकल्पक तथा सविकल्पक प्रत्यक्षों के विषय में कोई भेद नहीं मानते। इनका कहना है कि दोनों के विषय एक ही हैं, परन्तु निर्विकल्पक प्रत्यक्ष की विषयता अलग प्रकार की होती है। इसके विपरीत सविकल्पक प्रत्यक्ष की विषयता प्रकारता, विशेष्यता या संसर्गता में से कोई विषयता होती है। जबकि निर्विकल्पक प्रत्यक्ष में प्रकारता, विशेष्यता या संसर्गता में से कोई भी विषयता नहीं होती। इनसे विलक्षण विषयता निर्विकल्पक प्रत्यक्ष की विषयता होती है। निर्विकल्पक तथा सविकल्पक प्रत्यक्षों के विषयों में भेद न होने पर भी दोनों की विषयताओं के विलक्षण होने के कारण दोनों ज्ञानों में भेद सम्भव होता है। सरल शब्दों में कहा जाये तो सविकल्पक ज्ञान में कोई विषय विशेषण के रूप में प्रतीत होता है, कोई अन्य विषय विशेष्य के रूप में तथा अन्य कोई विषय सम्बन्ध के रूप में प्रतीत होता है। जबकि निर्विकल्पक प्रत्यक्ष में किसी भी विषय को हम न तो विशेषण के रूप में जानते हैं, न तो विशेष्य के रूप में और न ही सम्बन्ध के रूप में जानते हैं। सविकल्पक ज्ञान की निर्विकल्पक ज्ञान से यही भिन्नता है। वही विषय जब विशेषण, विशेष्य व सम्बन्ध के रूप में जाना जाता है, तो हमको सविकल्पक ज्ञान होता है। इसके विपरीत जब हमें वही विषय विशेषण, विशेष्य व सम्बन्ध के रूप में ज्ञात नहीं होते, हमारा ज्ञान निर्विकल्पकात्मक होता है। इस कारण निर्विकल्पक तथा सविकल्पक दोनों के विषय समान होने पर भी ज्ञान की भिन्नता हो जाती है क्योंकि सविकल्पक का विषय विशिष्ट हुआ करता है जबकि निर्विकल्पक का विषय

विशिष्ट नहीं होता। नैयायिक प्रमा तथा अप्रमा की परिभाषा प्रकार को अन्तर्भूत करते हुए प्रस्तावित करते हैं। प्रकार का तात्पर्य विशेषण से है। जब कोई वस्तु कहीं पर प्रकार के रूप में यानी कि विशेषण के रूप में जानी जाती है, और वहाँ पर वह वस्तु विद्यमान होती है। उस स्थिति में हम उस ज्ञान को प्रमा कहेंगे। इसके विपरीत यदि वस्तु कहीं पर प्रकार के रूप में यानी कि विशेषण के रूप में जानी तो जाती है, परन्तु वहाँ पर वह वस्तु विद्यमान नहीं होती। उस स्थिति में नैयायिक उस ज्ञान को अप्रमा कहते हैं। इसी कारण नैयायिक निर्विकल्पक प्रत्यक्ष को प्रमा तथा अप्रमा दोनों से बहिर्भूत मानते हैं क्योंकि निर्विकल्पक प्रत्यक्ष पर न तो प्रमा की परिभाषा लागू होती है और न ही अप्रमा की परिभाषा लागू होती है।

इसके विपरीत अवधारणा बौद्ध दार्शनिक प्रस्तावित करते हैं। बौद्ध दार्शनिक प्रमाणों का भेद विषय के भेद से स्वीकार करते हैं। दो प्रकार के विषय हैं इस कारण दो प्रकार के प्रमाण हैं। प्रत्यक्ष का विषय स्वलक्षण तथा अनुमान का विषय सामान्यलक्षण हुआ करता है। न केवल इतना ही अपितु प्रत्यक्ष का विषय सामान्यलक्षण नहीं हो सकता और अनुमान का विषय स्वलक्षण नहीं हो सकता। इन दोनों प्रमाणों का भेद विषय के भेद के कारण ही हुआ करता है। निर्विकल्पक प्रत्यक्ष का विषय स्वलक्षण नियमतः होता है। अनुमान का विषय सामान्यलक्षण हुआ करता है। इन दोनों में विषय की व्यवस्था में कोई असुविधा नहीं है। परन्तु बीच में एक सविकल्पक प्रत्यक्ष आ जा रहा है, जिसका विषय स्वलक्षण नहीं है, अपितु सामान्यलक्षण है। विचित्रता यह है कि इस सविकल्पक प्रत्यक्ष पर प्रमाण की दोनों ही परिभाषाएँ लागू होती हैं।

बौद्ध दार्शनिक सम्यग् ज्ञान की परिभाषा संवादकत्व के या अविसंवादकत्व के आधार पर प्रस्तावित करते हैं। बौद्ध परम्परा में सम्यग् ज्ञान की दो परिभाषाएँ प्रस्तावित हैं अविसंवादकत्व तथा अज्ञातज्ञापकत्व। इन दोनों परिभाषाओं का मूल धर्मकीर्ति में तथा सांकेतिक रूप से दिङ्नाग में भी देखा जा सकता है। धर्मकीर्ति कहते हैं कि ''माणमविसंवादि ज्ञानम्'' तथा बाद में आगे बढ़ते हुए ''ज्ञातार्थप्रकाशो व'' करके भी प्रमाण की परिभाषा प्रस्तावित करते हैं। इन दोनों परिभाषाओं के आलोक में यदि हम विचार करें तो प्रथमदृष्ट्या प्रतीत होता है कि सविकल्पक प्रत्यक्ष का भी प्रामाण्य स्वीकार करना बौद्ध दार्शनिकों

के लिए आवश्यक होगा क्योंकि प्रत्यक्ष की ये दोनों ही परिभाषाएँ सविकल्पक प्रत्यक्ष पर भी लागू हो रही हैं। सविकल्पक प्रत्यक्ष का प्रामाण्य स्वीकार्य इसलिए प्रतीत होता है क्योंकि विभिन्न सविकल्पक प्रत्यक्षों के अविसंवादकत्व से इनकार नहीं किया जा सकता। यह ध्येय है कि हम समस्त सविकल्पक प्रत्यक्षों का प्रामाण्य स्वीकार करने का तर्क प्रस्तावित नहीं कर रहे हैं। परन्तु केवल उन सविकल्पक प्रत्यक्षों के प्रामाण्य की बात कर रहे हैं जो कि अविसंवादक होते हैं। जब हम घट को घट समझकर घटानयन में प्रवृत्त होते हैं, या जल को जल समझकर पीने में प्रवृत्त होते हैं, तो हमारी प्रवृत्ति विसंवादी नहीं होती, निश्चय ही अविसंवादी या संवादी होती है। घट को घट समझकर घटानयन में प्रवृत्त होने पर हम घटानयन में सफल होते हैं, जल को जल समझकर पीने में प्रवृत्त होने पर हमारी प्यास बुझ जाती है। इस कारण इन ज्ञानों का अविसंवादकत्व तो स्वीकार्य होना ही चाहिए। ऐसा कतई नहीं कहा जा सकता है कि ये सविकल्पक प्रत्यक्ष अविसंवादक नहीं हैं। यदि अविसंवादक हैं तो इनका प्रामाण्य क्यों नहीं स्वीकार्य है? यदि द्वितीय परिभाषा अज्ञातार्थप्रकाशकत्व को विचारणार्थ लिया जाये, तो इस सविकल्पक प्रत्यक्ष में निश्चित ही पूर्व में अज्ञात कोई विषय आ रहा है जो कि उसके पूर्व में उत्पन्न स्वलक्षणमात्रग्राही निर्विकल्पक प्रत्यक्ष के द्वारा विषय नहीं किया गया है। यदि सूक्ष्म अवलोकन किया जाये और बौद्ध परिकल्पना के दृष्टिकोण से देखा जाये, तो इन सविकल्पक प्रत्यक्षों के अज्ञातार्थप्रकाशकत्व से भी इनकार नहीं किया जा सकता क्योंकि इन सविकल्पक प्रत्यक्षों के द्वारा कम से कम एक ऐसा विषय प्रकाशित किया जा रहा है जो कि उसके पूर्व में उत्पन्न निर्विकल्पक प्रत्यक्ष के द्वारा प्रकाशित नहीं किया गया था। वह विषय होगा सामान्यलक्षण। सामान्यलक्षण या सामान्य का विषयीकरण निर्विकल्पक प्रत्यक्ष के द्वारा नहीं किया जाता, ऐसी सर्वमान्य बौद्ध मान्यता है। इस कारण सम्यग् ज्ञान की ये दोनों ही परिभाषाएँ सविकल्पक प्रत्यक्ष पर भी लागू हो रही हैं। फिर क्यों दिङ्नाग व धर्मकीर्ति के अनुयायी बौद्ध इन सविकल्पक प्रत्यक्षों का प्रामाण्य नहीं स्वीकार करते हैं? कहीं ऐसा तो नहीं है कि दिङ्नाग व धर्मकीर्ति का तात्पर्य इन सविकल्पक प्रत्यक्षों के प्रामाण्य का निषेध करने का न रहा हो, अपितु इनके अनुमान से अतिरिक्त प्रामाण्य का निषेध करने का रहा हो? प्रमाणसमुच्चय की जिनेन्द्रबुद्धिकृत विशालामलवती टीका में, जो अंशतः ही

तिबेती भाषा से रूपान्तरित होकर संस्कृत में सुलभ है, में कहा गया है कि ''अवधारणार्थको हि शब्दः। स्वलक्षणविषयकं प्रत्यक्षमेव। सामान्यलक्षणविषयकमनुमानमेव।''[२] यदि जिनेन्द्रबुद्धिकृत विशालामलवती टीका की इस पंक्ति के आलोक में देखा जाये तो यह प्रतीत होता है कि इस प्रमाणलक्षण से संगृहीत सविकल्पक प्रत्यक्ष को भी अनुमान में ही अन्तर्भूत होना चाहिए क्योंकि यह पंक्ति सुस्पष्टतया कह रही है कि अनुमान का ही विषय सामान्यलक्षण होता है। इस सविकल्पक प्रत्यक्ष का विषय सामान्यलक्षण है इससे तो इनकार नहीं ही किया जा सकता। परन्तु इस सविकल्पक प्रत्यक्ष को अनुमान भी तो नहीं माना जा सकता। जैसा कि न्यायबिन्दुप्रदीप में दुर्वेक मिश्र प्रतिपादित करते हैं कि यह सविकल्पक प्रत्यक्ष त्रिरूपलिङ्गज्ञान से जन्य नहीं है, इस कारण यह अनुमान नहीं हो सकता। प्रत्यक्ष में तो इसके अन्तर्भाव का प्रश्न ही नहीं है क्योंकि प्रत्यक्ष तो यह तब होता यदि यह कल्पनापोढ होता। परन्तु यह सविकल्पक प्रत्यक्ष तो कल्पना से रहित नहीं होता, नियम से कल्पनायुक्त ही होता है। फिर इसको किस प्रकार से हम प्रत्यक्ष या अनुमान इन दोनों प्रमाणों में अन्तर्भूत कर सकेंगे? विचित्रता यह है कि इस सविकल्पक प्रत्यक्ष पर प्रमाण की दोनों परिभाषाएं लागू हो रही हैं, परन्तु यह बौद्ध परम्परा में स्वीकार्य दो प्रमाणों में से किसी में भी अन्तर्भूत नहीं हो सकता। न तो हम इसको प्रत्यक्ष में अन्तर्भूत कर सकते हैं और न ही अनुमान में। परन्तु प्रमाण मानने के लिए हमारे पास कोई अन्य विकल्प भी नहीं है। तो सविकल्पक प्रत्यक्ष को प्रमा माना जाये या न माना जाये? सिद्धान्त यह है कि सविकल्पक प्रत्यक्ष को प्रमाण न माना जाये। जिनेन्द्रबुद्धि की पंक्ति सामान्यलक्षणविषयकमनुमानमेव का अभिप्राय प्रमाणम् पद का अध्याहार करके इसी रूप में लगाया जा सकता है कि केवल अनुमान प्रमाण ही ऐसा है जिसका विषय सामान्यलक्षण होता है। अन्य जो भी प्रमाण है उसका विषय सामान्यलक्षण न होकर स्वलक्षण होता है। परन्तु सविकल्पक प्रत्यक्ष को प्रमाण न मानने पर जो प्रश्न आता है वह तो अपनी जगह पर अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है।

इस प्रश्न को हेतुबिन्दु में धर्मकीर्ति ने बहुत गम्भीरता से उठाया है तथा निर्धारित किया है कि सविकल्पक प्रत्यक्ष को प्रमाण नहीं माना जा सकता। धर्मकीर्ति कहते हैं कि ''तत्र यदाद्यमसाधारणविषयं दर्शनं तदेव प्रमाणम्''[३] धर्मकीर्ति का आशय है कि प्रत्यक्ष की

जिस प्रक्रिया को नैयायिक बहुत सीधा व साधारण समझते हैं, वस्तुतः वह प्रक्रिया इतनी साधारण तथा सीधी नहीं है। ऐसा नहीं है कि निर्विकल्पक के बाद सीधा-सीधा सविकल्पक ज्ञान उत्पन्न हो जाता है। जिसे हम सविकल्पक कह रहे हैं, उसके भी वस्तुतः कम से कम दो प्रभेद हैं। एक तो विधिविकल्प तथा द्वितीय प्रतिषेधविकल्प। इसी कारण अर्चट भट्ट धर्मकीर्ति की पंक्ति की व्याख्या करते हुए कहते हैं कि 'तत्र' तेषु दर्शनविधिविकल्पप्रतिषेधविकल्पेषु[४]। स्वलक्षण ही वह असाधारण विषय है, जिसको कि प्रत्यक्ष विषय करता है। सविकल्पक प्रत्यक्ष में दो कार्य होते हैं, एक तो समानजातीय के रूप में उसका वर्गीकरण तथा असमानजातीय से व्यावृत्ति। समानजातीय के रूप में वर्गीकरण ही वस्तुतः विधिविकल्प है। असमानजातीय से व्यावर्तन ही प्रतिषेधविकल्प है। ये दोनों ही कार्य निर्विकल्पक प्रत्यक्ष के उपरान्त किये जाते हैं। धर्मकीर्ति का प्रश्न है कि इन दोनों में से किसके प्रामाण्य की बात की जा रही है? यदि विधिविकल्प के प्रामाण्य की बात की जाये तो वह भी संगत नहीं है, और यदि प्रतिषेधविकल्प के प्रामाण्य की बात की जाये तो वह भी असंगत है। विधिविकल्प के प्रामाण्य का प्रश्न उठ सकता है क्योंकि विधिविकल्प में सामान्यलक्षण विषय के रूप में आ रहा है, जो कि स्वलक्षण को विषय करनेवाले निर्विकल्पक प्रत्यक्ष के द्वारा विषय नहीं किया गया है। इस कारण विधिविकल्प की अज्ञातार्थज्ञापकता सम्भव होती है। इसी प्रकार प्रतिषेधविकल्प के प्रामाण्य का प्रश्न उपस्थित हो सकता है। धर्मकीर्ति प्रथमतया प्रतिषेधविकल्प के प्रामाण्य का निराकरण करते हैं। धर्मकीर्ति का सीधा-सीधा तर्क है कि स्वलक्षण को विषय करनेवाले प्राथमिक निर्विकल्पक प्रत्यक्ष के द्वारा यथाभूत वस्तुस्वरूप के दृष्ट हो जाने के बाद प्रत्यक्ष के बल से उस स्वलक्षण की असाधारणता का अभिलपन करती हुई अतद्व्यावृत्ति को विषय करनेवाली स्मृति उत्पन्न होती है, वह यथादृष्ट आकार का ग्रहण करने के कारण प्रमाण नहीं है। प्रतिषेधविकल्प के द्वारा अतद्व्यावृत्ति का जो अभिलाप किया जा रहा है, वह वस्तुतः पूर्व में अनुभूत स्वलक्षणात्मक असाधारण का ही विषयीकरण किया जा रहा है। ध्येय है कि धर्मकीर्ति के अनुसार स्वलक्षण का तात्पर्य सजातीय विजातीय दोनों से व्यावृत्त असाधारण वस्तु से है। इस कारण प्रतिषेधविकल्प के द्वारा किसी अपूर्व अर्थ का अधिगम नहीं हो रहा है। फिर किस कारण उसे प्रमाण माना जाये? उसको प्रमाण मानने का तो

आधार ही नहीं बनता।[५] धर्मकीर्ति के इस कथन से दो बातें स्पष्ट होती हैं। पहली यह कि यह प्रतिषेधविकल्प वस्तुतः स्मृतिरूप है। उसके द्वारा उसी अर्थ को विषय किया जा रहा है जो कि पूर्व के कल्पनापोढ प्रत्यक्ष ज्ञान के द्वारा विषय किया गया है। स्मृतिरूप होने के कारण उसके प्रामाण्य का प्रश्न नहीं उठता क्योंकि स्मृतिरूप होने के कारण इसमें अज्ञातार्थप्रकाशकत्व नहीं आता। दूसरी बात यह है कि इस प्रतिषेधविकल्प का वस्तुतः कोई विषय ही नहीं है, जो विषय है वह तो उधार का है, पूर्व में संजात कल्पनापोढ प्रत्यक्ष का है। इस कारण निर्विषयक इस प्रतिषेधविकल्प के प्रामाण्य का प्रश्न निराधार है। इसी युक्ति के आलोक में यह भी ध्यातव्य है कि इस प्रतिषेधविकल्प में वस्तुतः अविसंवादकत्व की भी बात नहीं की जा सकती। यदि अविसंवादकत्व होगा तो कल्पनापोढ प्रत्यक्ष का होगा, जो कि पूर्व में ही हो चुका।

विधिविकल्प के प्रामाण्य का प्रश्न हो सकता है क्योंकि उसके बारे में उपर्युक्त तर्क नहीं प्रस्तावित किये जा सकते। उसमें एक अंश कम से कम आ रहा है जिसके कारण हम यह नहीं कह सकते हैं कि उसमें अज्ञातार्थज्ञापकता नहीं है। उसमें विषय के रूप में आ रहा है सामान्यलक्षण। वह सामान्यलक्षण पूर्वोत्पन्न प्रत्यक्ष के द्वारा विषय नहीं किया गया है क्योंकि कल्पनापोढ प्रत्यक्ष का विषय तो निश्चित ही स्वलक्षण ही हो सकता है। सामान्यलक्षण तो उसका विषय हो ही नहीं सकता। इस कारण विधिविकल्प के प्रामाण्य का प्रश्न समुपस्थित होता है। इस समस्या का समाधान करने के लिए धर्मकीर्ति का कथन है कि अर्थक्रियासाधन जो अर्थ है उसका तो निर्विकल्पक प्रत्यक्ष के द्वारा ही दर्शन हो चुका है। जो स्वलक्षण तत्त्व अर्थक्रियासाधन हुआ करता है, उसका विधिविकल्प के द्वारा ग्रहण नहीं हो रहा है। जिस अंश में विधिविकल्प की अज्ञातार्थज्ञापकता हुआ करती है, उस अंश का अर्थक्रियासाधनत्व ही नहीं है। यद्यपि अनुमान भी सामान्यलक्षण को ही विषय करता है, परन्तु उसका प्रामाण्य स्वीकार किया जाता है। इसमें यही विरोधाभास है, विचित्रता दिखती है कि सविकल्पक प्रत्यक्ष उसी सामान्यलक्षण को विषय करता हुआ प्रमाण नहीं माना जाता। इस कारण अनुमान से इस सविकल्पक प्रत्यक्ष का अन्तर देखना आवश्यक होगा। धर्मकीर्ति का आशय है कि सविकल्पक प्रत्यक्ष का अनुमान से बहुत ही मौलिक अन्तर है। अनुमान के द्वारा पूर्व में अज्ञात अर्थक्रियासाधन अर्थ की प्रतिपत्ति होती है,

इसके विपरीत सविकल्पक प्रत्यक्ष के द्वारा अज्ञात अर्थक्रियासाधन अर्थ की प्रतिपत्ति नहीं होती।[६] इस धर्मकीर्ति की पंक्ति की व्याख्या करते हुए भट्ट अर्चट विधिविकल्प के विषय में स्पष्टीकरण देते हैं कि यह ठीक है कि विधिविकल्प के द्वारा ऐसे विषय सामान्यलक्षण का अधिगम हो रहा है, जो कि पूर्व में अधिगत नहीं है। परन्तु वह सामान्यलक्षण अर्थक्रियासाधन नहीं हुआ करता है। इस कारण उस सामान्यलक्षण को विषय करनेवाला विधिविकल्प तैमिरिक ज्ञान की तरह हो जाता है।[७] इस कारण विधिविकल्प प्रमाण नहीं है। तैमिरिक ज्ञान भ्रान्तिज्ञानविशेष है, उसके द्वारा अर्थक्रियासाधन नहीं होता। इस कारण उसको प्रमाण नहीं माना जाता। विधिविकल्प ठीक उसी प्रकार का है। उसके द्वारा भी जो वस्तु ज्ञात होती है वह वस्तुतः अर्थक्रियासाधन नहीं होती। परन्तु समस्या इतनी आसान नहीं है। क्या ठीक यही बात अनुमान के विषय में नहीं कही जा सकती। क्या अनुमान का विषय होनेवाला सामान्यलक्षण अर्थक्रियासाधन हो सकेगा? यदि नहीं तो अनुमान का प्रामाण्य किस प्रकार से माना जा सकता है? धर्मकीर्ति के आशय को स्पष्ट करते हुए अर्चट भट्ट बताते हैं कि अनुमान तथा सविकल्पक प्रत्यक्ष में एक बहुत ही महत्त्वपूर्ण अन्तर है। उस अन्तर को यदि ध्यान में न रखें तो सविकल्पक प्रत्यक्ष के भी प्रामाण्य का प्रश्न उपस्थित होगा ही। दोनों में अन्तर यह है कि अनुमान के स्थल में पर्वत में जब हम अग्नि का अनुमान कर रहे होते हैं, तो प्रत्यक्ष के द्वारा पर्वतादि प्रदेश का ग्रहण हमें हो जाता है। परन्तु अग्नि प्रत्यक्ष के द्वारा अनधिगत ही रहता है। वही अग्नि तो अर्थक्रियासाधन है। वह अभी अज्ञात ही रहा। उसके साथ समस्या यह है कि स्वलक्षणाकार से वहाँ पर अग्निप्रतिपत्ति अशक्य है क्योंकि वह परोक्ष है। इस प्रकार वहाँ पर सामान्याकार में अग्नि की प्रतिपत्ति अनुमान के द्वारा होती है। सामान्याकार से ऐसे अर्थक्रियासाधन (स्वलक्षण) की प्रतिपत्ति हो रही है, जो कि अभी तक अज्ञात है। इस कारण अनुमान के सामान्यलक्षणविषयक होने पर भी प्रामाण्य उपपन्न होता है। परन्तु विधिविकल्प की स्थिति इसके विपरीत है। विधिविकल्प के द्वारा सामान्याकार से जिस अर्थक्रियासाधन विषय (स्वलक्षण) की प्रतिपत्ति हो रही है, वह तो पूर्वोत्पन्न कल्पनापोढ प्रत्यक्ष के द्वारा ही ज्ञात हो चुका है। इस कारण वस्तुतः वह विधिविकल्प भी अर्थक्रियासाधन स्वलक्षण के विषयीकरण की अपेक्षा से स्मृति ही है।[८] इसी कारण धर्मकीर्ति

ने 'दर्शनाच्च' में 'च' शब्द का ग्रहण किया है।[८] धर्मकीर्ति का तात्पर्य यह है कि वस्तुतः कल्पनापोढ प्रत्यक्षोत्तरभावी विकल्पबुद्धि के द्वारा निर्विकल्पकप्रत्यक्षविषयीभूत वस्तु का ही अध्यवसाय होता है। परन्तु इस अंश में तो विकल्पबुद्धि का प्रामाण्य नहीं स्वीकार किया जा सकता क्योंकि इस अंश में तो वह विकल्प बुद्धि स्मृतिरूप है। प्रश्न हो सकता है कि जाति तो अतिरिक्त विषय के रूप में, अनधिगत विषय के रूप में आ रही है, उस जाति अंश में विकल्प बुद्धि का प्रामाण्य क्यों न माना जाये? तो यह प्रश्न निश्चय ही विचारणीय है। इसके समाधान में धर्मकीर्ति के अनुयायियों का कथन है कि जाति का ज्ञान निश्चय ही अनधिगतार्थविषयक होकर आ रहा है, परन्तु केशोण्ड्रक ज्ञान की तरह यह सामान्य का ज्ञान होता है क्योंकि उस जाति के ज्ञान से कोई भी अर्थक्रिया नहीं होती।[१०] नील को निर्विकल्पक के द्वारा देखकर होनेवाले नील इस प्रकार के सविकल्पक ज्ञान के द्वारा कुछ विलक्षण नहीं किया जाता। ऐसा नहीं है कि स्वलक्षण की प्रतिपत्ति के उपरान्त उसी निर्विकल्पक प्रत्यक्ष के बल से उत्पन्न विकल्प के द्वारा ग्राह्य सामान्य किसी प्रकार की कोई अर्थक्रिया करता हो। अर्थक्रिया में समर्थ केवल वह स्वलक्षण ही है न कि सामान्यलक्षण। सामान्यलक्षण किसी भी प्रकार की अर्थक्रिया में उपयुक्त नहीं होता।[११] अर्थक्रियासाधन स्वलक्षण तो पूर्वोत्पन्न निर्विकल्पक प्रत्यक्ष के द्वारा दृष्ट ही हो चुका। उस नील स्वलक्षण ग्रहण के उत्तरकाल में होने वाले नीलविकल्प के विषय के द्वारा नीलसाध्य अर्थक्रिया नहीं होती।[१२] वह अर्थक्रिया तो वस्तुतः पूर्वोत्पन्न निर्विकल्पक प्रत्यक्ष के विषय के द्वारा ही होती है। इस कारण निर्विकल्पक प्रत्यक्ष का तो प्रामाण्य आवश्यक होने के कारण स्वीकार करते हैं, परन्तु सविकल्पक प्रत्यक्ष का प्रामाण्य स्वीकार करना सम्भव नहीं है।

परन्तु धर्मकीर्ति तथा धर्मकीर्ति के शिष्यों के ये तर्क कुछ गम्भीर विचार की आवश्यकता का संकेत देते हैं। निर्विकल्पक कल्पनापोढ प्रत्यक्ष के प्रामाण्य के विषय में सवाल नहीं उठाया जा सकता, क्योंकि वह अज्ञातार्थज्ञापक भी है तथा जिस अज्ञातार्थ का ज्ञापक है, उसी अर्थ का प्रापण करता हुआ अर्थक्रियासाधन भी बनता है। परन्तु सविकल्पक प्रत्यक्ष का साथ यह बात लागू नहीं होती। वह जिस नवीन अर्थ का ज्ञापन कर रहा है, उसमें अर्थक्रियासाधनता ही नहीं है और जिस अर्थ में अर्थक्रियासाधनता है, वह वस्तुतः उस विकल्प बुद्धि का विषय ही नहीं है। परन्तु इन परिस्थितियों में अनुमान

का प्रामाण्य क्या बौद्ध स्वीकार कर सकेंगे? इस प्रश्न के बहुत महत्त्वपूर्ण आधार बनते हैं। यह पूर्व में ही अनेक बार बताया जा चुका है कि अनुमान का विषय धर्मकीर्ति के अनुसार सामान्यलक्षण हुआ करता है। न केवल इतना ही अपितु अनुमान के द्वारा स्वलक्षण कभी भी विषय नहीं किया जा सकता। अनुमान का विषय सामान्यलक्षण ही होता है, वह कभी भी प्रत्यक्ष का विषय नहीं हो सकता। निश्चित तौर पर समस्या आयेगी कि यदि अनुमान का विषय सामान्यलक्षण ही होता है, तो किस प्रकार से प्रमाण का लक्षण अविसंवादकत्व अनुमान पर लागू होगा? संवादकत्व या अविसंवादकत्व प्रदर्शित अर्थ का प्रापकत्व ही तो है, इससे अतिरिक्त नहीं। न्याबिन्दुप्रकरण पर टीका लिखते हुए धर्मोत्तर अविसंवादकत्व की व्याख्या करते हुए कहता है, ''लोके च पूर्वप्रदर्शितमर्थं प्रापयत् संवादकमुच्यते।''[१३] अब अनुमान के द्वारा प्रदर्शित अर्थ है सामान्यलक्षण। वह अनुमान के द्वारा प्रदर्शित सामान्यलक्षण तो प्राप्तियोग्य होता ही नहीं। फिर किस प्रकार से अनुमान का प्रामाण्य सम्भव होगा? यदि द्वितीय परिभाषा अज्ञातार्थज्ञापकता के आधार पर अनुमान का प्रामाण्य स्वीकार करें तो फिर प्रश्न उठेगा कि यदि अज्ञातार्थज्ञापकता के कारण अनुमान का प्रामाण्य आप मानते हैं तो सविकल्पक प्रत्यक्ष का प्रामाण्य भी आपको स्वीकार्य होना चाहिए। दोनों को ही अज्ञातार्थज्ञापकता समान रूप है। सामान्यलक्षण विषय के आधार पर तो अनुमान तथा सविकल्पक प्रत्यक्ष दोनों की ही अज्ञातार्थज्ञापकता समान ही है। इस समस्या का समाधान करने के लिए ''धर्मकीर्ति अनधिगतार्थविषयं प्रमाणम्'' इस प्रमाण के लक्षण में 'अनधिगते स्वलक्षणे' इतना अधिक जोड़ने की आवश्यकता प्रतिपादित करते हैं। अनधिगतार्थविषयं प्रमाणम् का तात्पर्य अज्ञातार्थज्ञापकता से ही है। परन्तु अज्ञातार्थज्ञापकता को हम प्रमाण का लक्षण तभी मान सकते हैं, जब इसमें अनधिगते स्वलक्षणे इतने अंश को हम और जोड़ दें। अन्यथा यह परिभाषा दोषयुक्त हो जायेगी। इस अंश को जोड़ देने पर इस परिभाषा का तात्पर्य यह निकलता है कि स्वलक्षण के अनधिगत होने पर अनधिगतार्थविषयक ज्ञान को प्रमाण माना जायेगा। इस अंश के जोड़ देने पर यह परिभाषा अनुमान तो संगृहीत करती है परन्तु सविकल्पक प्रत्यक्ष को संगृहीत नहीं करती। जब हम अनुमान के माध्यम से धूम के द्वारा अग्नि को जान रहे होते हैं, तो वहाँ पर अग्निस्वलक्षण अधिगत नहीं रहता। अनधिगत ही होता है। इस

कारण अनुमान नियमतः सामान्यलक्षण को विषय करने पर भी प्रमाण होता है। परन्तु निर्विकल्पक प्रत्यक्ष के उपरान्त जायमान सविकल्पक तो जन्म ही इस कारण ले पाता है क्योंकि उसके पूर्व में निर्विकल्पक प्रत्यक्ष के द्वारा स्वलक्षण का ज्ञान सम्पन्न हुआ है। उसी निर्विकल्पक प्रत्यक्ष की सामर्थ्य से उत्पन्न होनेवाला विकल्प वस्तुतः उस निर्विकल्पक प्रत्यक्ष का अनुकरण रहा होता है, इस कारण वह वस्तुतः निर्विकल्पक प्रत्यक्ष का कार्य होने के उसी के विषय को विषय करता हुआ प्रत्यक्ष न होकर स्मृति ही है। इस कारण वह प्रमाण नहीं है। इस कारण सविकल्पक प्रत्यक्ष का प्रामाण्य सम्भव नहीं है।[१४] अनुमान की स्थिति अलग है। अनुमान का प्रामाण्य हमें स्वीकार करना पड़ता है क्योंकि वहाँ पर अनुमान के द्वारा जब अग्निसामान्यलक्षण का ज्ञान हो रहा है, उस समय तक अग्निस्वलक्षण अज्ञात है, अनधिगत है। इस कारण अनुमान का प्रामाण्य स्वीकार्य है। इसी कारण धर्मकीर्ति सविकल्पक का अनुमान एक अन्य भेद भी प्रस्तावित करते हैं कि सविकल्पक प्रत्यक्ष में अनधिगत वस्तुरूप की अधिगति नहीं होती और प्रमाण की व्यवस्था वस्तु पर अधिष्ठित होती है।[१५] इसी कारण धर्मकीर्ति के अनुसार स्वलक्षण ही परमार्थतः वस्तु है। सामान्यलक्षण अवस्तु है। जबकि प्रमाण की व्यवस्था वस्तु पर यानी स्वलक्षण पर निर्भर है। बार बार मेयमेकं स्वलक्षणम् का उद्घोष करने का कारण भी यही है, कि वस्तुतः धर्मकीर्ति के अनुसार केवल स्वलक्षण ही वस्तु है। सामान्यलक्षण तो हमारी कल्पना से उद्भूत होता है। लोगों की प्रवृत्ति अर्थक्रियायोग्य वस्तु के विषय में होती है, वह अर्थक्रियायोग्य वस्तु तो केवल स्वलक्षण है। इस कारण स्वलक्षण के आधार पर ही प्रामाण्य तथा अप्रामाण्य का निर्धारण करना संगत है। सामान्यलक्षण किसी भी प्रकार से किसी ज्ञान के प्रामाण्य या अप्रामाण्य का निर्धारक नहीं हो सकता।

संक्षेप में धर्मकीर्ति की युक्तियों का आलोचन करने पर कुछ बिंदु उभरकर आते हैं। प्रत्यक्ष की प्रक्रिया में होनेवाले निर्विकल्पक तथा सविकल्पक इन दोनों ही ज्ञानों में कुछ बहुत ही मौलिक भेद हैं। पहला यह कि निर्विकल्पक स्वलक्षण का प्रदर्शन करता है और स्वलक्षण ही अर्थक्रियासाधन होता है। इस कारण निर्विकल्पक प्रत्यक्ष का प्रामाण्य तो धर्मकीर्ति को स्वीकार्य है। इसके विपरीत निर्विकल्पक के उत्तरकाल में भावी सविकल्पक स्वलक्षण को ही स्मृति का विषय बनाता है, इसीलिए स्मृति होने के कारण निर्विकल्पक

प्रत्यक्ष के द्वारा प्रदर्शित स्वलक्षण में हम उसका प्रामाण्य नहीं स्वीकार कर सकते हैं। उसी स्वलक्षण की विषयता को लेकर सविकल्पक प्रत्यक्ष के प्रामाण्य की, अविसंवादकत्व की आपत्ति दी जा रही थी। अब यह निश्चित है कि मूलतः निर्विकल्पक प्रत्यक्ष के विषय स्वलक्षण को आधार बनाकर सविकल्पक प्रत्यक्ष के अविसंवादकत्व का आपादन नहीं किया जा सकता। इस कारण प्रत्यक्ष की यह परिभाषा सविकल्पक प्रत्यक्ष पर लागू नहीं की जा सकती। उस सविकल्पक के द्वारा एक अनूठे विषय सामान्यलक्षण का भी विषयीकरण होता है। यह सामान्यलक्षण विकल्प के उत्पन्न न होने तक अज्ञात अर्थ है, पूर्वोत्पन्न निर्विकल्पक प्रत्यक्ष के द्वारा उसका विषयीकरण या प्रकाशन नहीं किया गया है। परन्तु इस सामान्यलक्षण को विषय करने के आधार पर हम यह नहीं कह सकते कि प्रमाण की द्वितीय परिभाषा अज्ञातार्थप्रकाशकत्व या अनधिगतार्थविषयत्व इस सविकल्पक प्रत्यक्ष पर लागू होती है। क्योंकि यह परिभाषा अपने आपमें अपूर्ण है। इस परिभाषा में अनधिगते स्वलक्षणे इतना अंश और जोड़ना है। इस अंश के जुड़ जाने पर ही यह परिभाषा निर्दुष्ट हो सकती है।

सविकल्पक प्रत्यक्ष के अप्रामाण्य के लिए धर्मकीर्ति एक अन्य युक्ति भी प्रस्तावित करते हैं। धर्मकीर्ति की युक्ति है कि प्रवृत्ति की प्रक्रिया पर विचार किया जाये तो सविकल्पक प्रत्यक्ष निर्विकल्पक प्रत्यक्ष से अभिन्न योगक्षेम है।[१६] योग का तात्पर्य है अप्राप्त विषय की प्राप्ति तथा क्षेम का तात्पर्य है तदर्थक्रियानिष्ठान रूपी परिपालन।[१७] इन दोनों के परिप्रेक्ष्य में निर्विकल्पक प्रत्यक्ष से सविकल्पक का कोई भेद नहीं है। इस कारण दोनों का प्रामाण्य स्वीकार करना अनुचित है। प्रवृत्ति का आधार स्वलक्षण ही है सामान्यलक्षण नहीं। सामान्यलक्षण की प्राप्ति तो सम्भव ही नहीं है। इस कारण प्रवृत्ति के आधार प्रामाण्य का निर्धारण अगर करना है तो स्वलक्षण ही प्रामाण्य का आधार होगा। ऐसी परिस्थिति में किसी ऐसे स्वलक्षण का विषयीकरण सविकल्पक के द्वारा किया नहीं जाता, और न ही सविकल्पक निर्विकल्पक के विषय स्वलक्षण से अतिरिक्त में प्रवर्तक ही होता है। जिसमें सविकल्पक प्रवर्तक होता है, वह निर्विकल्पक के द्वारा ही ज्ञात हो चुका है। यद्यपि विकल्प का विषय स्वलक्षण नहीं होता, इस कारण यह कथन असंगत प्रतीत होता है कि विकल्प का भी विषय वही है जो कि कल्पनापोढ निर्विकल्पक प्रत्यक्ष का विषय है। तथापि विकल्प

में स्वलक्षण का ही अध्यवाय होता है।[१८] अप्राप्त विषय की प्राप्ति के आधार पर विवेचन किया जाये तो सविकल्पक के द्वारा जो विषय प्राप्त होता है, वह सामान्यलक्षण तो प्राप्ति के अयोग्य है। इसी कारण तो सामान्य लक्षण को बहुधा अनर्थ कहा जाता है, अवस्तु कहा जाता है। क्षेम भी सविकल्पक का निर्विकल्पक के समान ही है क्योंकि आलोचनाज्ञान के द्वारा जिसमें प्रवृत्ति होती है, सविकल्पक प्रत्यक्ष के द्वारा भी तो उसी स्वलक्षण में ही प्रवृत्ति होती है।[१९] इस कारण सविकल्पक प्रत्यक्ष का प्रामाण्य स्वीकार्य नहीं हो सकता। अनुमान के साथ स्थिति भिन्न है। अनुमान का प्रामाण्य स्वीकार्य है क्योंकि अनुमान के द्वारा अग्नि का ज्ञान होने पर अग्निविषयक जो अर्थक्रिया होती है, वह अर्थक्रिया किसी प्रत्यक्ष के द्वारा सम्पाद्य नहीं हो सकती। इसी कारण न्यायबिन्दु की टीका लिखते हुए धर्मोत्तर स्पष्ट करते हैं कि दो प्रकार के विकल्प होते हैं, एक तो लिंगज विकल्प दूसरा अलिंगज विकल्प। लिंगज विकल्प ही वस्तुतः अनुमान है। वह नियत अर्थ का प्रदर्शन करता है, वह अर्थ प्रापणयोग्य भी होता है। इसके विपरीत हरेक अलिंगज विकल्प नियामक को देखे विना ही प्रवृत्त होता है तथा भाव व अभाव से अनियत अर्थ को ही दिखलाता है। जो कि नितान्त अप्रापणीय है।[२०] इस कारण अलिंगज विकल्प का प्रामाण्य सम्भव नहीं होता। इसके विपरीत लिंगज विकल्प यानी अनुमान का प्रामाण्य सम्भव होता है क्योंकि अनुमान के द्वारा जिस समय सामान्यलक्षणात्मक अज्ञात अर्थ का ज्ञान कराया जाता है, उस समय स्वलक्षण ज्ञात नहीं रहता, अधिगत नहीं रहता। इसी प्रकार उस अनुमान के द्वारा अध्यवसेय स्वलक्षण की प्राप्ति भी ज्ञानोपरान्त सम्भव होती है। इसके विपरीत सविकल्पक के द्वारा जो अर्थप्राप्ति होती है, उसका जिम्मेदार वस्तुतः निर्विकल्पक प्रत्यक्ष होता है। संक्षेप में बौद्ध दार्शनिकों के तर्कों को धर्मोत्तर की व्याख्याओं के आलोक में हम इस प्रकार समझ सकते हैं कि किसी भी प्रमाण का प्रामाण्य वस्तुतः स्वलक्षण पर ही निर्भर है। वह स्वलक्षण प्रत्यक्ष तथा अनुमान दोनों का विषय हुआ करता है। प्रत्यक्ष का वह ग्राह्य विषय है, जबकि अनुमान का वह अध्यवसेय विषय है। प्रत्यक्ष का प्रामाण्य प्रत्यक्ष के ग्राह्य विषय स्वलक्षणविषयक अर्थक्रिया के आधार पर हुआ करता है, जबकि अनुमान का प्रामाण्य अनुमान के अध्यवसेय विषय स्वलक्षणविषयक अर्थक्रिया के आधार पर सम्भव होता है। प्रत्यक्ष के अध्यवसेय विषय सामान्यलक्षण में अर्थक्रियासाधनता नहीं होती और न तो अनुमान के

ग्राह्य विषय सामान्यलक्षण में ही वह होती है। सविकल्पक प्रत्यक्ष के साथ समस्या यह है कि उसके दो प्रकार के विषय नहीं सम्भव हैं। उसका विषय एक प्रकार का ही सम्भव है, जो कि सामान्यलक्षण है। जिस स्वलक्षण का अनुकारी वह सविकल्पक प्रत्यक्ष होता है, उस स्वलक्षण की अर्थक्रियासाधनता का लाभ वह सविकल्पक प्रत्यक्ष नहीं उठा सकता क्योंकि यह तो उधार की अर्थक्रियासाधनता होगी। इस कारण सविकल्पक प्रत्यक्ष के अविसंवादकत्व की बात नहीं की जा सकती। वह स्वलक्षण तो पूर्वोत्पन्न निर्विकल्पक प्रत्यक्ष के द्वारा ही प्रकाशित कर दिया गया। अतः उसके आधार पर निर्विकल्पक प्रत्यक्ष का ही अविसंवादकत्व हो सकता है। अनुमान के स्थल में जो स्वलक्षण अध्यवसेय होता है, वह महानसादि में अनुभूत अग्नि स्वलक्षण से अतिरिक्त होता है, वह अनधिगत होता है। तथा उसी स्वलक्षण को आधार बनाकर अनुमान का अर्थक्रियासाधनत्व सम्भव होता है। इस तरह सविकल्पक प्रत्यक्ष में न तो प्रमाण की प्रथम परिभाषा अविसंवादकत्व लागू होती है और न ही द्वितीय परिभाषा अज्ञातार्थज्ञापकत्व ही। इस कारण सविकल्पक प्रत्यक्ष के प्रामाण्य की अस्वीकृति युक्तिसंगत दिखती है। निष्कर्षतः कहा जा सकता है कि बौद्ध दार्शनिक ठीक उन्हीं कारणों से सविकल्पक प्रत्यक्ष का प्रामाण्य नहीं स्वीकार करते हैं, जिन कारणों से नैयायिक स्मृति का प्रामाण्य नहीं मानते।

आचार्य, दर्शन एवं धर्म विभाग, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी

सन्दर्भ एवं पादटिप्पणी–

१. निर्विकल्पकं तु भ्रमप्रमाबहिर्भूतं व्यवहारानंगत्वात्। तत्त्वचिन्तामणि निर्विकल्पकप्रत्यक्षवाद

२. पृ.६, प्रमाणसमुच्चय विशालामलवती टीका, सम्पादित एवं तिब्बती से पुनर्रचित एच आर रामास्वामी अयंगार, मैसूर, १९३०

३. हेतुबिन्दु, पृ.१८८, धर्मकीर्तिप्रणीति न्यायबिन्दुप्रकरण, अर्चट भट्ट कृत हेतुबिन्दुटीका, दुर्वेक मिश्र कृत हेतुबिन्दुटीकालोक, बृजकिशोरमिश्र कृत दृष्टिहिन्दीटीका सहित, सम्पादक बृजकिशोर त्रिपाठी,सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी, २०१०

४. वहीं पृ.१८८

५. तस्मिन् तथाभूते दृष्टे सति तदसाधारणतामभिलपन्ती अतद्व्यावृत्तिविषया स्मृतिरुत्पन्ना प्रत्यक्षबलेन न प्रमाणम् यथादृष्टाकारग्रहणात्। प्रागसाधारणं दृष्ट्वा असाधारणमभिलपतः (प्रतिषेधविकल्पस्य) अपूर्वार्थाधिगमाभावात। वहीं पृ.१९०

६. अर्थक्रियासाधनस्य आलोचनाज्ञानेन दर्शनाच्च। अदृष्टस्य पुनस्तत्साधनस्य (विधि) विकल्पेनाप्रतिपत्तेरनुमानवत्। वहीं, पृ.१६८

७. यद्यपि तेनानधिगतं सामान्यमधिगम्यत इति वर्ण्यते तथापि तद् अर्थक्रियासाधनं न भवति इति तदधिगन्ता तैमिरिकादिज्ञानप्रख्यो विधिविकल्पो न प्रमाणम्। हेतुबिन्दुटीका, पृ. १६६

८. यथा प्रत्यक्षेणार्थक्रियासाधने प्रदेशाख्ये धर्मिण्यधिगतेऽप्यनधिगतमर्थक्रियासाधनमधिगम्यते, तस्यालोचनज्ञाने-नैवाधिगमात्। तस्मात् स्मृतिरेवासाविति न प्रमाणमिति। वहीं पृ.२०१

९. 'च'कारेण स्मृतित्वाच्चेति पूर्वोक्तकारणसमुच्चयः। वहीं पृ.२०१

१०. जातेस्त्वर्थक्रियासाधनत्वाभावादनधिगताया अधिगमेपि केशादिज्ञानस्येव न प्रामाण्यम्। वहीं, पृ.२००-१

११. न च सामान्यं स्वलक्षणप्रतिपत्तेरूर्ध्वं तत्सामर्थ्योत्पन्नविकल्पविज्ञानग्राह्यं कांचिदर्थक्रियामुपकल्पयति। यथा नीलं दृष्ट्वा नीलमिति ज्ञाने। तदेव हि नीलस्वलक्षणं तथाविधसाध्यार्थक्रियाकारि। हेतुबिन्दु, पृ.२०५

१२. तच्च तेनात्मना दृष्टमेव। न च तत्स्वलक्षणग्रहणोत्तरकालभाविनो विकल्पस्य विषयेण नीलसाध्यार्थक्रिया क्रियते। पृ.२२८ हेतुबिन्दु

१३. न्यायबिन्दुटीका, पृ. १०, धर्मकीर्तिप्रणीत न्यायबिन्दुप्रकरण, विनीतदेवकृतविस्तर, धर्मोत्तरप्रणीत न्यायबिन्दुटीका, अज्ञातकर्तृकटिप्पणी सहित, सम्पादक द्वारिकादास शास्त्री, बौद्धभारती, वाराणसी, १६६४

१४. तस्माद् 'अनधिगतार्थविषयं प्रमाणम्' इत्यपि 'अनधिगते स्वलक्षणे' इति विशेषणीयम्।
अधिगते तु स्वलक्षणे तत्सामर्थ्यजन्मा विकल्पस्तदनुकारी कार्यतस्तद्विषयत्वात् स्मृतिरेव, न प्रमाणम्। हेतुबिन्दु, पृ.२३०

१५. अनधिगतवस्तुरूपस्यानधिगतेः। वस्त्वधिष्ठानत्वात् प्रमाणव्यवस्थायाः। पृ.२३५-७

१६. प्रवृत्तौ प्रत्यक्षेणाभिन्नयोगक्षेमत्वात्। हेतुबिन्दु, पृ.२४३

१७. योगः अप्राप्तस्य विषयस्य परिच्छेदलक्षणा प्राप्तिः, क्षेमः तदर्थक्रियानुष्ठानलक्षणं परिपालनम्। हेतुबिन्दुटीका पृ.२४३

१८. तत्र विकल्पस्य निर्विकल्पकप्रत्यक्षेणाभिन्नो योगः स्वलक्षणाध्यवसायतः। पृ.२४४

१९. अभिन्नः क्षेम आलोचनाविज्ञानादिव विकल्पादपि स्वलक्षण एव प्रवृत्तेः। वहीं

२०. सर्वेण चालिंगजेन विकल्पेन नियामकदृष्ट्या प्रवृत्तेन भावाभावयोरनियत एवार्थो दर्शयितव्यः। स च प्रापयितुमशक्यः। न्यायबिन्दु टीका पृ.१२

श्री अरविन्द दर्शन की तार्किक पृष्ठभूमि

श्रीप्रकाश पाण्डेय

भारतीय दार्शनिक परम्परा जीवन के लक्ष्य की प्राप्ति हेतु जिस योग चतुष्ट्य (ज्ञान, भक्ति, कर्म एवं राज) की चर्चा करती है वह प्रवृत्ति मार्गी कम निवृत्ति मार्गी अधिक है, जबकि जीवन प्रवृत्ति एवं निवृत्ति दोनों का समयोग है। मनुष्य का जीवन देश-काल निरपेक्ष नहीं हो सकता। इसलिए किसी निरपेक्ष का विचार एवं व्यवहार उसके लिए असहज नहीं तो कठिन अवश्य है। मनुष्य मूलतः रागी है, विरागी है; वैरागी नहीं। रागी होने के कारण वह रसिक है। उसे रूप और रंग अच्छे लगते हैं। उसके लिए सांसारिक विविधता प्रकृति का शृंगार है कारण कि वह इस विविधता के रंग का रसिया है। इसी में वह रसराज, रसेश्वर को ढूँढता है एवं उसके प्रेम रस का पान करते हुए, अमृत रस का पान करते हुए "रसो वै सः" की अनुभूति करना चाहता है। वह निराकार को साकार, निर्गुण को सगुण, असीम को ससीम एवं आदर्श को व्यवहार में देखना चाहता है साथ ही साकार को निराकार सगुण को निर्गुण, ससीम को असीम, एवं व्यवहार को आदर्श में अनुभूत भी करना चाहता है। इस तरह वह व्यवहार एवं परमार्थ, जगत् एवं ईश्वर तथा पार्थिव प्रकृति (माया) एवं ईश्वर के भेद को मिटाना भी चाहता है। वह जगत् में ईश्वर एवं ईश्वर में जगत् को अनुभूत करना चाहता है (तदैच्छत् एकोऽहं बहुस्याम् प्रजायेयेति -छान्दोग्य, ६.२.३)। वह इन प्रतीयमान विरोधों में नहीं रहना चाहता, इनका उपयोग करना चाहता है, इनकी परिभाषा बनाना चाहता है, इसे भाषा एवं भाव का रूप देना चाहता है। वह मरना नहीं चाहता, अमरता के साथ सम्बन्ध जोड़ना चाहता है। इसीलिए वह असत् से सत् की ओर, अन्धकार से प्रकाश की ओर एवं मृत्यु से अमृतत्त्व

की ओर जाने के लिए जिस अव्यक्त परमात्मा की प्रार्थना करता है उसे व्यक्त रुप लेकर इस धरा पर आना पड़ता है, उस तुरीय को स्थूल जगत् में उतरना पड़ता है, आकाश के भगवान को धरा पर मानव-रूप में आना होता है - मानव कल्याण के लिए, सनातन धर्म की पुनर्प्रतिष्ठा के लिए (सम्भवामि युगे युगे)। उसका शुभावतरण होता है रस में डुबोने के लिए, भाव में सिंचित् करने के लिए, ज्ञान में सुप्रतिष्ठित करने के लिए, भक्ति में रूलाने, आनन्द में हँसाने, प्रेम में नचाने एवं लोकसंग्रह में अनुप्रेरित करने के लिए। इसीलिए हमें जीवन जीने की कला, भावपूर्ण संगीत का लय एवं लक्ष्य का सूत्र राग में ढूँढना होगा, विराग में ढूँना होगा, वैराग्य में नहीं। स्वीकार में ढूँढना होगा, निषेध में नहीं। सत्याऽनृते मिथुनीकृत जगत् में ढूँढना होगा उससे परे नहीं; 'ब्रह्म सत्यं जगन्मिथ्या' के विरोध में नहीं 'वासुदेवः सर्वमिति' में ढूँढना होगा। ऐसे में जहाँ सबकुछ आनन्द से उद्भूत, परिपोषित एवं उसी में लीन हो जाता है, कारण कि यह सब कुछ वासुदेव की सत्य लीला का विलास है एवं इस लीला के प्रत्येक चरित्र विग्रह उसी के सत्य रूप हैं। इसलिए इस पार्थिव जगत् में प्राण और मन एक सत्ता की, एक चेतना की, एक शक्ति की, एक आनन्द की कहानी हैं जो भौतिक द्रव्य के प्रतीयमान निश्चेतन (अन्नं ब्रह्मेतिव्यजानात्)[1] के अन्धकार में बंदी हैं किन्तु ऐसा रहने के लिए अभिशप्त नहीं हैं। ये मुक्ति (दिव्य जीवन) के लिए संघर्ष कर रहे हैं क्योंकि इनकी प्रकृति में है - ईश्वर की दिव्य लीला में भाग लेते रहना, उसे ढूँढ निकालना तथा 'सर्वंखल्विदं ब्रह्म' की अनुभूति करते हुए अन्ततः वही हो जाना जो वह था, है और सदा रहेगा।

वस्तुतः मानवीय वैचारिकी की इस प्रक्रिया, प्रारूप एवं लक्ष्य के कारण भारतीय दर्शन में चिन्तन की दो सशक्त धारायें समानान्तर रूप से विकसित हुईं - प्रथम, भौतिकवादी एवं द्वितीय आध्यात्मवादी। भौतिकवादी विचारधारा भौतिक तत्त्वों की स्वीकृति, उनकी श्रेष्ठता एवं उनसे ही सम्बद्ध कर जगत् की उत्पत्ति आदि की व्याख्या करती है। इस विचारधारा का आदर्श भौतिक विज्ञान वस्तुओं का अन्वेषण नीचे से ऊपर की ओर करता है किन्तु वह भूल जाता है कि वस्तुओं का सत्य उनकी गहराई, उनके केन्द्र में और यहाँ तक कि उनके शिखर पर भी होता है; ऐसे ही चेतना का सत्य भी उसके शिखर पर, उसकी गहराई एवं उसके केन्द्र में पाया जा सकता है। भौतिक पदार्थ में हमारी

अन्वेषिता इस कारण भी दूषित हो सकती है कि भौतिक पदार्थ में चेतना समाधि में रहती है और हमारी जाँच-पड़ताल का कोई प्रत्यक्ष उत्तर नहीं देती। सजीव भौतिक में जो अभी तक मानसिक नहीं बना है, अभी तक अवचेतन है वह कभी-कभी उत्तर तो देता है परन्तु ऐसा जिसे हम समझ नहीं पाते हैं। पशु मानस के अन्दर चेतना निश्चेतन जड़ पदार्थ की आद्य समाधि में से विकसित अर्द्धजाग्रत चेतना है। मनुष्य में भी वह आद्य अविद्या से शुरू होती है जहाँ उसकी अभिव्यक्तियाँ, सामग्री, गतिविधि ज्ञान के लिए कुछ टटोलना है। हम केवल उसी से नहीं समझ सकते कि चेतना क्या है? उसकी सीमाएँ एवं सम्भावनाएँ क्या हैं? तब हम यह कैसे जानें कि चेतना का कोई शिखर या उसका कोई आन्तरिक केन्द्र भी है, जो वस्तुओं की सतह पर दिखलायी नहीं देता है। इस दृष्टि से जड़ पदार्थ से सम्पूर्ण चेतन जगत् की व्याख्या का वैज्ञानिक प्रयास सार्थक किन्तु एकांगी है।

दूसरी विचारधारा आध्यात्मवादी है जो एकमेव चेतन तत्त्व की स्वीकृति, उसकी श्रेष्ठता, एवं उससे ही या उससे सम्बद्ध कर जगत् की व्याख्या का प्रयास करती है। यह मानती है कि चेतना वस्तुओं या तथ्यों का ऐसा ढेर नहीं है जिसे प्रत्यक्ष दर्शन, कल्पना और मानव बृद्धि के सापेक्ष तर्क द्वारा स्पष्ट, वर्गीकृत और व्यवस्थित किया जाय। ये सभी अपूर्ण यंत्र की चीजें हैं इसलिए जो व्यवस्था करती हैं वह अस्थायी, एकांगी, केवल अर्द्धसत्य या उससे भी कम सत्य होता है, अपने स्वभाव का सत्य न होकर बना हुआ प्रतिरूप होता है। अतः चेतना कोई भौतिक या अवचेतन रहस्य या संयोगवश या अस्थायी संयोग नहीं है। 'यह वह चैतन्य (ब्रह्म) है जो वस्तुओं के आरम्भ से पहले था और वस्तुओं के अन्त के बाद भी रहेगा।'[२] जिसे उपनिषदों ने कहा कि यह वह आत्मा है जो सत् या असत् था, जिसने अपने अन्दर जगत् सृष्टि देखी या उसी असत् से, शाश्वत सत् से ऐहिक सत्ता ने जन्म लिया। देश-काल रहित शाश्वत को अपने अन्दर देश-काल की कल्पना करने या उसे बन्द कर देने से कौन रोक सकता है? 'लेकिन जगत् का बाहरी रूप, रंग इस गुह्य सत्य का खण्डन करता है। हमारा मन, हमारी इन्द्रियाँ, हमारे सामने जितने तथ्य रखते हैं वे सब इस सत्य से इंकार करते हैं, इस आनुभविक आधार पर कि यह संसार के दुःख, कष्टों के साथ असंगत है। यह

जीवित प्राणियों और वस्तुओं की अपरिवर्तनशील निश्चेतना के साथ मेल नहीं खाता। हमारी चेतना की सतह पर और हमारे चारों ओर केवल ऐहिक एवं क्षणभंगुर सीमित एवं सान्त वस्तुएँ ही हैं। जो हमें बड़ा दीखता है उसकी भी सीमा है। हम जिसके स्थायी होने के सपने देखते थे उसका अन्त आ जाता है। यह विशाल विश्व जो अनन्त में विस्तृत होता हुआ दीखता है आखिर वह भी सीमाहीन साान्त में बंदी है।'[३] ऐसा क्यों है? यह विरोधाभास क्यों है? क्या सत् वस्तुतः द्वन्द्वाभासी, विरोधाभासी ही है या काल्पनिक अथवा आरोपित? इसी समस्या के समाधानार्थ भारतीय चैतन्यवादी आध्यात्मिक परम्परा में 'मायावाद' के सिद्धान्त का प्रवेश ही नहीं तार्किक प्रयोग भी हुआ है - मुख्यतः वेदान्त की परम्परा में। सम्वृत्ति सत् को मानते हुए भी नागार्जुन जिस मायावाद की 'असत् शास्त्रं' कहकर आलोचना करता है, उस मायावाद का शंकर प्रभृति वेदान्ती आचार्यों ने वेदान्त की स्थापना में तीक्ष्ण तर्क के रूप में प्रयोग किया है। श्री अरविन्द ने भी 'दिव्यजीवन' में उसकी विशद् चर्चा की है लेकिन शंकर से भिन्न। एतदर्थ शंकर के मायावाद एवं तत्प्रसंग में श्री अरविन्द के विचारों की किंचित् चर्चा यहाँ अवश्य अपेक्षित है।

सिद्धान्ततः 'ब्रह्म सत्यं जगन्मिथ्या जीवो ब्रह्मैवनाऽपरः' (ब्रह्म सत्य है, जगत् मिथ्या है, जीव एवं ब्रह्म में अभेद है) एवं 'सर्वंखल्विदं ब्रह्म' (सब कुछ ब्रह्म ही है) आदि वाक्यों में 'जीवोब्रह्मैवनाऽपरः' एवं 'सर्वंखल्विदं ब्रह्म' के रूप में अद्वैत वेदान्त की तत्त्वमीमांसीय प्रतिष्ठा है, जिसका सम्बन्ध सत्- ऐसी सत्ता से है जो प्रमाण निरपेक्ष, स्वयंप्रकाश स्वयंसिद्ध एवं पारमार्थिक है तथा 'ब्रह्मसत्यं जगन्मिथ्या के रूप में ज्ञानमीमांसीय प्रतिष्ठा से है जिसका सम्बन्ध सत्य, प्रमाण सापेक्ष एवं व्यवहार से है; कारण कि शंकर को मति, श्रुति एवं अनुभूति तीनों प्रमाण रूप में स्वीकार्य हैं इस मान्यता के साथ कि आत्मा या ब्रह्म सभी प्रमाण, प्रमेय आदि व्यवहार का आश्रय होने के कारण सबसे पूर्व है। अतः शंकर जब ब्रह्म जिज्ञासा की बात करते हैं तो वह ब्रह्म की नहीं अपितु ब्रह्म विषयक जिज्ञासा की बात करते हैं, यह जानते हुए भी कि विषय के साथ विषयी का प्रश्न अनिवार्यतः उत्थापित होगा। गोया कि सिद्धान्ततः शंकर को द्वैतप्रपंच मान्य नहीं है। वह ब्रह्म से प्रतीयमान जगत् को सम्बद्ध कर माया के माध्यम से जगत्

की व्याख्या तो करते हैं किन्तु अन्ततः जगत् की यथार्थता स्वीकार करने की बजाय उसे मिथ्या घोषित करते हैं। इतना ही नहीं शंकर जिस मायावादी नाव के सहारे ब्रह्म-जगत् सम्बन्ध की तार्किक सरिता पार करते हैं अन्ततः उस माया को भी मिथ्या घोषित कर देते हैं।

वस्तुतः वेद, उपनिषद्, गीता एवं तंत्र तथा विकासवाद की पृष्ठभूमि पर आधारित श्री अरविन्द के चिन्तन में ऐसी अद्वैत वेदान्तीय प्रतिस्थापनाओं की संवीक्षा दृष्टिगोचर होती है। श्री अरविन्द शंकर मतावलम्बियों से पूछते हैं कि यदि सब कुछ ब्रह्म ही है तब यह जगत् ब्रह्म से बाह्य क्यों? ब्रह्म यदि सत्य है तो उससे अबाह्य यह जगत् मिथ्या क्यों? यदि जिसके जानने पर सब कुछ जान लिया जाता है (यस्मिन् विज्ञाते सर्वं विज्ञातं भवति) सत्य है, तो उसके जान लेने पर सब मिथ्या एवं रहस्य क्यों और कैसे हो जाता है? इस बात से तो इन्कार नहीं किया जा सकता कि विश्व ही वह चीज है जिससे हमारी समस्त चेतन अनुभूतियाँ शुरू होती हैं। संभवन की एक सतत् धारा है, परिवर्तन एवं विकारों का एक चक्र है जो आकारों एवं सम्बन्धों की राशि है। प्रश्न यह है कि वह कौन सी चीज है जो अस्थायी को स्थायित्व का, अस्थिर को स्थिरता का, परिवर्तन को शाश्वतता का ऐसा आभास देती है जिसके सभी तत्त्व सदा अस्थिर और अपरिवर्तनशील रहते हैं? बौद्धों के यहाँ तो यह चेतना की क्रिया द्वारा विज्ञान और संस्कार द्वारा होता है परन्तु ये सभी अपने आप में अस्थायी हैं। इसके विपरीत मायावादी कहता है कि यह वह चेतना है जो वास्तव में निर्विकार, अपरिवर्तनशील एवं स्वयंभू है। उससे विकार एवं परिवर्तन का प्रपंच उद्भूत होता है। श्री अरविन्द कहते हैं यह कैसे सम्भव है? वेदान्तीय दृष्टि से तो यह असंगत ही नहीं परस्पर विरोधी भी है। इसी से बचने के लिए तो वेदान्ती यह कहता है कि समस्त जगत् प्रपंच भ्रान्ति या माया है, अवास्तविक है, असत् रूप से सत् है। श्री अरविन्द का मानना है कि अद्वैत वेदान्तीय मायावाद का सिद्धान्त तो अस्तित्व की समस्या को सदा के लिए असमाधेय बना देता है। यह जगत् में हमारे सभी अनुभवों को अयथार्थ या भ्रम मानता है परन्तु यदि जगत् में जीव के समस्त अनुभव भ्रम हैं तो क्या उसके आध्यात्मिक अनुभव भ्रम नहीं हैं? ऐसी स्थिति में परमतत्त्व का अनुभव भी तो भ्रम हो सकता है, क्योंकि निषेध की प्रक्रिया यहाँ रूक नहीं सकती है।

अतः मायावाद का परिणाम यह होता है कि हमारी सत्ता, हमारे अनुभव एवं प्रयास अपना अर्थ खो बैठते हैं। किन्तु सम्भवन के इस जगत् में देहधारी जीव के लिए उसके आत्मा के इस जगत् को छोड़कर पलायन कर जाने में कोई पर्याप्त विजय नहीं है।[४] इसलिए श्री अरविन्द जगत् मिथ्यात्व की सिद्धि हेतु शंकर प्रदत्त स्वप्न, परिवर्तन एवं अपभ्रम पर आधारित युक्तियों की संवीक्षा कर यह स्पष्ट करते हैं कि इनमें से किसी एक से या समवेत रूप से भी जगत् का मिथ्यात्व सिद्ध नहीं होता। वह कहते हैं कि स्वप्न भ्रम नहीं है, यह चेतना की एक अवस्था है। यह भी हो सकता है कि चेतना की भिन्न-भिन्न अवस्थाएँ हों और उनमें से प्रत्येक अपनी स्वतंत्र यथार्थताएँ रखती हों। किन्तु इससे यह तो सिद्ध नहीं होता कि जिस अवस्था में हम अब आये हैं वह यथार्थ है और जिसे पीछे छोड़ आये हैं वह मिथ्या है।[५] जाग्रत एवं स्वप्न ये अपनी अलग-अलग यथार्थताएँ रखते हैं, इनके अपने-अपने अनुभव हैं। इनमें किसी के आधार पर किसी को मिथ्या कहना उचित नहीं है। इसी प्रकार समग्र रूप में देखने पर विश्व की क्षणिकता का भी हमें कोई प्रमाण नहीं मिलता कारण कि जो अनन्त ऊर्जा विश्व की सृष्टि करती है क्या उसका या उसके कर्म का आदि या अन्त है? जहाँ तक अपभ्रम का प्रश्न है यह मानसिक (मरू-मरीचिका) एवं चाक्षुष (रज्जू-सर्प) दो प्रकार का होता है, किन्तु प्रत्येक अपभ्रम में जो गलत पदार्थ का प्रतिरूप है वह किसी ऐसे पदार्थ का प्रतिरूप नहीं है जो मिथ्या है, असत् है। वह ऐसे सत् पदार्थ का प्रतिरूप है जिसे मन या इन्द्रियों ने जिस स्थान पर आरोपित किया है वहाँ वह नहीं है, कहीं अन्यत्र है।[६] 'अतः मिथ्या ज्ञान का मूल कारण है सामने दिखायी देने वाले यथार्थ पदार्थ के रूप के साथ दूसरे स्थान पर पहले से ज्ञात दूसरे यथार्थ पदार्थ के रूप का सादृश्य।'[७] यह उपमा तब युक्तिसंगत होती जब जगत् का जो अनुभव हम रखते हैं वह किसी ऐसे सच्चे जगत् का प्रतिरूप होता जो कि अन्यत्र है। परन्तु यहाँ मायावाद में तो जगत् पदार्थों का अस्तित्व रहित रूप है एक भ्रान्त रचना है।[८] अतः यह उपमा विश्व के मिथ्यात्व को सिद्ध नहीं करती। वास्तविकता तो यह है कि समस्त मानसिक विपर्यय एवं भ्रम अज्ञान के परिणाम हैं। मन शून्य से किसी पदार्थ की रचना नहीं कर सकता। अज्ञान ज्ञान की ही सामग्री से मिथ्या रचना करता है, उन्हें गलत ढंग से संयुक्त करता है। अस्तु, भ्रम

का कारण अज्ञान मानने के बावजूद जहाँ शंकरानुयायी मानते हैं कि भ्रम केवल एक स्मृति प्रतिबिम्ब ही नहीं है अपितु यह स्मृति से सर्वथा पृथक् एक नयी सष्टि है वहाँ श्री अरविन्द इसे एक बाह्य पदार्थ पर यथार्थ स्मृति प्रतिबिम्ब को आरोपित मानते हैं। श्री अरविन्द कहते हैं कि जगत् ब्रह्म की ही अभिव्यक्ति है, अतः ब्रह्म से इतर अपना अस्तित्व नहीं रख सकता। 'नाम-रूप विलुप्त हो सकता है किन्तु इसका तात्पर्य मात्र व्यक्त अवस्था से अव्यक्त अवस्था में चला जाना है। केवल नित्य ही यथार्थ है यह हमारी शुद्ध बौद्धिक अवधारणा है। स्वल्पकालीन और नित्य, कालगत और कालरहित का भेद केवल हमारे विचार का बनाया हुआ है'।[६] 'समस्त अस्तित्व चाहे उसका रंग-रूप, उसकी सत्ता की प्रक्रिया कैसी भी क्यों न हो अपने द्रव्य, स्रोत, ऊर्जा एवं सत्य में एक ही आत्मा है। वही आत्मा सबका आदि, मध्य एवं अन्त है। 'वह स्वयं शाश्वत्, स्वयंभू एवं अनन्त है; आदि - अन्त से परे, काल से परे, रूप-गुण एवं परिवर्तनों से परे होते हुए भी सत्य में अवस्थित वह आधारभूत यथार्थता है जो हमारे ज्ञान से छिपा है। वह एक मात्र सत्य है जिस पर अर्धसत्य क्या सभी सत्य आश्रित हैं; वे भी जो इनका समर्थन करते हैं और वे भी जो इनका खण्डन करते हैं'।[१०] 'समस्त काल शाश्वत में गति करता है, समस्त देश अनन्त में फैला हुआ है। सभी प्राणी, सम्पूर्ण सृष्टि उसी आधार पर जीते हैं जो उनके अन्दर भगवान रूप में अवस्थित हैं। 'यह आन्तरिक आध्यात्म के बारे में तो सच है ही परन्तु अन्त में वाह्य देश और काल के बारे में भी सच ही सिद्ध होता है'।[११] एक सिरे से दूसरे सिरे तक इस सारी खोज में हम स्वयं अपने से परे नहीं जा सकते। इसलिए ज्यादा अच्छा है कि हम अपने अन्दर देखें, हम अपने को बाहरी साक्ष्य की प्रतिक्रियाओं तक ही सीमित क्यों रखें। तर्कतः भी यदि केवल ब्रह्म ही सत् है तो यह सब ब्रह्म ही होना चाहिए, जगत् को भी उस परमार्थ तत्त्व से पृथक् नहीं होना चाहिए। अतः 'सच्चा अद्वैत वह है जो समस्त पदार्थों को एकतम ब्रह्म मानता है और उसकी सत्ता को दो असम्बद्ध तत्त्वों - नित्यसत्य एवं नित्यमिथ्यात्व, ब्रह्म एवं अब्रह्म, आत्मा एवं अनात्मा (जड़) में विभक्त नहीं करता। यदि यह सत्य है कि केवल आत्मा ही अस्तित्व रखता है तो यह भी सत्य होना चाहिए कि यह सब आत्मा ही है'[१२] (सर्वं खल्विदं ब्रह्म)। अस्तु श्री अरविन्द को भी अद्वैत ही स्वीकार है किन्तु शंकर का अद्वैत नहीं। उन्हें समग्र

अद्वैत स्वीकार है - ऐसा अद्वैत जो सत्ता के समस्त पक्षों को अपने भीतर समाविष्ट करता है।

इस प्रकार श्री अरविन्द का समग्र अद्वैतवाद जिस तार्किक पृष्ठभूमि पर अपनी दार्शनिक प्रतिष्ठापना करता है उसके तीन आधार स्तम्भ हैं - सत्ता का समग्र स्वरूप, समग्र ज्ञान (अनन्त का तर्क) एवं विकासवाद।

श्री अरविन्द की दृष्टि में समस्त सत्ता अनन्त और शाश्वत की सत्ता है, भगवान की, अनिर्वचनीय की सत्ता है - काल में स्थित सत्, शाश्वत में स्थित सत्, सान्त में सत् और उतना ही अनन्त में सत्, बहु की और उतनी ही एक की, सगुण की और उतनी ही निर्गुण की, जितनी व्यष्टि की उतनी ही विश्व की और विश्वातीत की भी। सापेक्ष की भी उतनी ही जितनी निरपेक्ष की सत्ता है (एकमेवाद्वितीयब्रह्म)। यह शाश्वत अपनी सत्ता के सत्य में सत्, चित् एवं आनन्द है। ये तीन नहीं त्र्येक हैं। अभिव्यक्ति की लीला में ही इनमें भेद किया जा सकता है। हमें जो असत् दीखता है वह ऐसा सत् है जो उस सत् से भिन्न है जिसे हम जानते हैं।[१३] जो हमें निश्चेतना दीखती है वह केवल अवगुण्ठित, आवेष्ठित या ऐसी चेतना है जहाँ तक हमारे मन या इन्द्रियों की पहुँच नहीं है। जो चीजें हमें कष्टप्रद या दुखद दीखती हैं वह केवल अपने से उल्टा हुई आनन्दमयी सत्ता का परम उल्लास है। अज्ञान में और अज्ञान के कारण ये विरोध वास्तविक एवं यथार्थ प्रतीत होते हैं लेकिन सत्य चेतना के लिए ये केवल प्रतीयमान सत् हैं, सत्ता के सत्य नहीं। शाश्वत और अनंत से परे कुछ भी नहीं है। समस्त स्वीकार या निषेध उसकी पृष्ठभूमि पर ही सम्भव है। अस्तु, यदि हम असत् को सत् के निषेध के रूप में ग्रहण न कर सत् के ऐसे रूप में ग्रहण करें जो हमारे समस्त बुद्धि विकल्पों का अतिक्रमण करता है तब सत् एवं असत् का बाह्य विरोध स्वतः समाप्त हो जायेगा और यह दृष्टि भी विकसित हो जायेगी कि हर एक अपने सान्त रूपप्रपंच में अनन्त है। प्रश्न यह है कि यह दृष्टि कैसे विकसित होगी?

वस्तुतः श्री अरविन्द सत् के सन्दर्भ में उठने वाली समस्या के समाधान हेतु अनंत के तर्क का विधान करते हैं और कहते हैं कि 'चूँकि सत अनन्त है अतः उसकी सत्ता एवं क्रिया की विधि भी अनन्त होनी चाहिए, उसके जानने की विधि भी अनन्त

होनी चाहिए। यह मानना युक्ति विरूद्ध होगा कि सान्त चेतना या सान्त युक्ति बुद्धि अनन्त के मापक हो सकते हैं'।[१४] 'यथार्थता के अनेक स्तर हैं जो अवधारणा या मापक एक स्तर के लिए उपयुक्त होंगे वे दूसरे स्तर के लिए भी उपयुक्त हों यह आवश्यक नहीं है'।[१५] जो लोग परमसत् को अज्ञेय कहते हैं वे कैसे कह सकते हैं कि वह एक साथ सगुण-निर्गुण, ससीम-असीम, सापेक्ष-निरपेक्ष, परतन्त्र-स्वतंत्र नहीं हो सकता। वास्तविकता तो यह है कि वह 'अज्ञात है अज्ञेय नहीं।'[१६] उसे जाना जा सकता है। उसके लिए हमारी बुद्धि को अतिमानसिक चेतना में, अनन्त की चेतना में अनन्त के तर्क के माध्यम से प्रवेश करना होगा। श्री अरविन्द का मानना है कि 'वस्तुतः सम्पूर्ण समस्या शाब्दिक या अवधारणात्मक है यथार्थ नहीं।'[१७] निरपेक्ष के स्वभाव के दो पक्ष हैं - एक है उसका आत्मभाव, स्वभाव या स्वरूप-स्थिति और दूसरा है - आत्मसृजनात्मक या क्रियात्मक। इन केन्द्रीभूत तथ्यों में कुछ भी यथार्थ विरोध नहीं है। ये दोनों एक दूसरे के पूरक पक्ष हैं (एक ही सत्ता में)। हम जिसे बहु के रूप में देखते हैं वह एकमेव की बहुलता है (रूपं रूपं प्रतिरूपं बभूव)। एक क्षण से दूसरे क्षण तक गति करने वाली वर्तमान चेतना भूत को खोती, भविष्य को पाती और इन तीनों को, इनकी स्मृतियों को उस क्रिया द्वारा जोड़े रखती है जो है, 'था' और 'होगा' को बाँधे रखती है। उपनिषद्, गीता भी इसी भाव का प्रतिपादन करते हैं।[१८]

श्री अरविन्द के अनुसार 'सृष्टि अज्ञान में आत्मा का निमज्जन है।'[१९] इस प्रकाश और अन्धकार, सत्य और मिथ्यात्व से मिश्रित जगत् की सृष्टि केवल अज्ञान में आत्मा के अन्तर्लयन से ही सम्भव है। परन्तु अज्ञान में ऐसे निमज्जन का उद्देश्य पुनः ज्ञान एवं प्रकाश में लौटना है। अस्तु 'अज्ञान कोई भयंकर प्रमाद या पतन नहीं अपितु दिव्य सुअवसर है।'[२०] सच्चिदानन्द अपने सृजनात्मक पक्ष, अतिमन से होता हुआ अपने आप को आत्मआनन्द के लिए मन, प्राण एवं भौतिक तत्त्व में अन्तर्लीन करता है। क्योंकि 'विकास अन्तर्लयन की पूर्ववर्ती प्रक्रिया से प्रतिबद्ध है।[२१] यहाँ अवतरण के बिना आरोहण एवं अन्तर्लयन के बिना विकास अविचारणीय है।[२२] ब्रह्म अपनी चेतना की क्रिया के द्वारा घनीभूत होता है; उसकी इस घनीभूत अवस्था से भौतिक तत्त्व, प्राण, मन एवं लोक उत्पन्न होते हैं। श्री अरविन्द के अनुसार विकास की त्रिविध प्रक्रिया -

प्रसारण, उन्नयन एवं समाकलन के माध्यम से भौतिक तत्त्व, प्राण, मन, अतिमन, सत्, चित्शक्ति एवं आनन्द - ये निश्चेतना से अतिचेतना तक विकसनशील आरोहण के विविध सोपान हैं। अतः यहाँ विकास प्रक्रिया का तात्पर्य चेतना का परमसत् की ओर आरोहण के अतिरिक्त कुछ नहीं है। इस वैकासिकी क्रिया की दो प्रक्रियाएँ हैं - पहली है बाह्य या वैश्विक विकास की प्रक्रिया एवं दूसरी है आन्तरिक या वैयक्तिक विकास की अदृश्य प्रक्रिया जिसके लिए पुनर्जन्म एक अपरिहार्य शर्त है। श्री अरविन्द का मन्तव्य है कि मानव रूप में पुनर्जन्म की यह परम्परा तब तक चलती रहती है जब तक कि मानस प्रकृति का स्थान अतिमानस प्रकृति नहीं ग्रहण कर लेती। श्री अरविन्द इस वैकासिकी प्रक्रिया को पूर्णता तक पहुँचाने के लिए त्रिविध रूपान्तर - चैत्य रूपान्तरण, आध्यात्मिक रूपान्तरण तथा अतिमानसिक रूपान्तरण का उल्लेख करते हुए स्पष्ट करते हैं कि चैत्य रूपान्तरण से हमारी सम्पूर्ण चेतन सत्ता जहाँ आध्यात्मिक अनुभव के लिए उपयुक्त बन जायेगी, वहीं अतिमानसिक चेतना के अवतरण से आध्यात्मिक प्राणी विज्ञानमय प्राणी (Gnostic being) में रूपान्तरित हो जायेगा, जो जगत् में और जगत् का होगा परन्तु साथ ही वह अपनी चेतना में इसका अतिक्रमण भी कर जायेगा और उससे ऊपर अपने विश्वातीत स्वरूप में भी निवास करेगा। वह 'विश्वात्मक होगा किन्तु विश्व में स्वतंत्र भी होगा; वह अपना व्यक्तित्व भी रखेगा किन्तु व्यक्तित्व के पृथक्कारी भाव से परिसीमित नहीं होगा।'[२३] यहाँ आत्मा-अनात्मा का विरोध समाप्त हो जायेगा। श्री अरविन्द कहते हैं कि 'जब एक बार विज्ञानमय विकास निष्पन्न हो जाता है तब सद्गुणों के, धर्मों के मानकों की आवश्यकता नहीं रह जाती सब कुछ आध्यात्मिक आत्मप्रकृति का आत्मप्रवाह, स्वभाव या स्वधर्म हो जाता है।'[२४] परन्तु विज्ञानमय प्राणी के अविर्भाव से वैकासिकी प्रक्रिया रूकती नहीं है यह आनन्द, चित्शक्ति और सत् की ओर बढ़ती रहेगी। अवतरण के पूर्व अज्ञान के आधार पर अग्रसर होने वाली यह विकास प्रक्रिया अब ज्ञान के आधार पर अग्रसर होती हुई अपने लक्ष्य सच्चिदानन्द को प्राप्त कर लेगी। आत्म स्थिति में प्रतिष्ठित हो जायेगी। श्री अरविन्द के शब्दों में 'विश्व सत्ता शिव का एक ऐसा आनन्द नृत्य है जो ईश्वर के देह को हमारी दृष्टि के सामने असंख्य गुणा बढ़ा देता है; इस तथ्य के होते हुए भी वह (शुद्ध) सत् जहाँ था वहीं

और जैसा था वैसा ही, जो कुछ सदा से है और सदा रहेगा ठीक वही बना रहता है, यह नृत्य उसमें कोई विकार उत्पन्न नहीं करता। इस विश्व नृत्य का एकमात्र परम उद्देश्य है - नृत्य का आनन्द।'[२५] (लोकवत्तु लीला कैवल्यम्)[२६]।

आचार्य एवं अध्यक्ष, दर्शन एवं धर्म विभाग, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी.

सन्दर्भ :

१. तैत्तिरीयोपनिषद्, ३.२.
२. श्री अरविन्द, मानव से अतिमानव की ओर, पृ. १२.
३. वही, पृ. ८
४. दिव्य जीवन, द्वितीय भाग, प्रथम खण्ड, पृ. २०६. (केशवदेव आचार्य द्वारा अनुदित).
५. वही, पृ. १५४.
६. वही, पृ. १५५-१५६.
७. वही, पृ. १६५-१६६.
८. वही, पृ. १६६.
९. वही, पृ. १९६-१९७.
१०. श्री अरविन्द, मानव से अतिमानव की ओर, पृ. १०.
११. वही, पृ. ८.
१२. दिव्य जीवन, प्रथम भाग, पृ. ७०.
१३. वही, पृ. ६६.
१४. दिव्य जीवन, द्वितीय भाग, पृ. ४४.
१५. वही, पृ. ४५.
१६. दिव्य जीवन, प्रथम भाग, पृ. ४४.
१७. वही, पृ. ५०.
१८. गीता, १३.१७.
१९. आर.एस. श्रीवास्तव, श्री अरविन्द एण्ड दी थ्योरी ऑफ इवोल्यूशन, पृ. ५७.
२०. दिव्य जीवन, द्वितीय भाग, प्रथम खण्ड, पृ. ३६२.
२१. आर.एस. मिश्र, दी ह्यूमन एस्पिरेशन एण्ड इवोल्यूशन, पृ. ७; इण्डियन फिलॉसफिकल एनूएल, जिल्द १९१७.
२२. एस.के. मैत्रा, एन इन्ट्रोडक्शन टू दी फिलॉसफी ऑफ श्री अरविन्द, पृ. ४.
२३. दिव्य जीवन, द्वितीय भाग, द्वितीय खण्ड. पृ. ३९१.
२४. वही, पृ. ४१८.
२५. दिव्य जीवन, प्रथम भाग, पृ. १३६.
२६. वेदान्त दर्शन, २.१.३३.

Black page 46

आधुनिक विज्ञान में प्रमाण एवं सौन्दर्य

अरविन्द कुमार राय

गीता पर भाष्य करते हुए भगवान् शंकराचार्य ने जो 'ज्ञान' एवं 'विज्ञान' का भेद समझाया है, वह आधुनिक विज्ञान के संदर्भ में भी प्रासंगिक है। भाष्यकार के अनुसार 'ज्ञान' शास्त्रोक्त पदार्थों के समझने का नाम है तथा 'विज्ञान' शास्त्र से ज्ञात पदार्थों का स्वानुभव है।[१] कुछ परिवर्तन के साथ यह लक्षण आधुनिक विज्ञान पर भी घटित होता है। 'वैज्ञानिक ज्ञान' विज्ञान के शास्त्रों में उक्त पदार्थों का ज्ञान है, तथा 'विज्ञान' उन पदार्थों को प्रयोगों के माध्यम से समझना है।[२] विज्ञान का अर्थ मात्र क्रमबद्ध तथा संगठित ज्ञान नहीं है। 'विज्ञान' का स्वरूप तथ्यात्मक साक्ष्यों और प्रयोगों के आधार पर उक्त पदार्थों की व्याख्या से निर्मित होता है।

विज्ञान सत्य का अनुसंधान है। लेकिन सत्य का अनुसंधान तभी प्रारम्भ होता है जब हम 'क्यों' का प्रश्न उठाते है। बुद्धि का लक्षण क्यों का प्रश्न उठाना है। ज्ञान केवल मनुष्यों को नहीं होता है, जानवरों को भी होता है। कुछ विकसित मनुष्येतर जानवरों को भी अनुभवात्मक ज्ञान होता है। अनुभवात्मक ज्ञान के स्वरूप को लेकर पाश्चात्य दार्शनिकों में मतैक्य नहीं है, लेकिन पाश्चात्य दर्शन के प्रमुख दार्शनिक अरस्तू (३८४-३२२ ई०पू०) ने अपने तत्त्वमीमांसा नामक ग्रन्थ में अनुभव की जिस प्रकार व्याख्या की है उससे यह निष्कर्ष निकलता है कि अनुभव के तीन मुख्य घटक हैं- संवेदन की योग्यता, स्मृति की योग्यता तथा शिक्षित होने की योग्यता। अरस्तू के अनुसार अनुभवात्मक ज्ञान जानवरों को भी हो सकता है। लेकिन वैज्ञानिक ज्ञान का प्रारम्भ तभी

होता है जब हम 'क्यों' का प्रश्न उठाते हैं। यह 'क्यों' का प्रश्न आश्चर्य-गर्भित होता है तथा विज्ञान का आविर्भाव तथा विकास 'क्यों' के प्रश्न का सफलता पूर्वक समाधान करने के प्रयास से निर्मित होता है।[३]

अरस्तू ने उद्देश्य की दृष्टि से विज्ञानों का वर्गीकरण तीन कोटियों में किया है :

(१) सैद्धान्तिक विज्ञान (Theoria)- जहाँ हम ज्ञान की प्राप्ति ज्ञान के लिए (Knowledge for knowledge Sake) करने में रूचि रखते हैं;

(२) क्रिया विज्ञान (Praxis)- जहाँ हम ज्ञान की प्राप्ति कर्त्तव्य और अकर्त्तव्य में भेद करने के लिए करते हैं (जैसे नीतिशास्त्र एवं राजनीतिशास्त्र);

(३) उत्पादक विज्ञान या शिल्प विज्ञान (Poiesis)- जहाँ हम ज्ञान की प्राप्ति किसी वस्तु के उत्पादन या निर्माण के लिए करते है जो मानव के लिए उपयोगी होता है यांत्रिकी, शिल्पकला तथा तकनीकी ज्ञान को इस कोटि में रखा जा सकता है। अरस्तू ने काव्य को भी इसी कोटि में रखा है क्योंकि हम काव्य का भी सृजन करते हैं।

यदि हम गणित और तर्कशास्त्र को विज्ञान की कोटि से बाहर रखते है, जैसा कि अनेक आधुनिक दार्शनिक करते है, तो सैद्धान्तिक विज्ञानों में सबसे उन्नत तथा व्यापक विज्ञान भौतिकशास्त्र का है। यह विज्ञान भौतिक पदार्थों की संरचना को जानने का प्रयास करता है तथा विभिन्न पदार्थों के सम्बन्धों के विषय में भी अन्वेषण करता है। अतः यहाँ वैज्ञानिक-ज्ञान के स्वरूप पर विचार करते समय मुख्यतः भौतिकशास्त्र के स्वरूप को ही ध्यान में रखा गया है।

सैद्धान्तिक विज्ञान में सत्यानुसंधान के लिए अनुभव, परंपरा आदि आवश्यक तथा अनिवार्य है लेकिन पर्याप्त नहीं। भारतीय दर्शन की शब्दावली में कहें तो वैज्ञानिक ज्ञान का वस्तुतः 'करण' बौद्धिक प्रतिभा है।[४] बुद्धि की आवश्यकता न केवल वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए आवश्यक है, अपितु धार्मिक विश्वास के लिए भी आवश्यक है। प्रसिद्ध ईसाई धर्मगुरु तथा विचारक संत थामस एक्वीनास (१२२५-१२७३ ई०) के अनुसार, ''श्रद्धा वह विश्वास है जिसे बुद्धि का अनुमोदन प्राप्त है।''[५] इस प्रकार श्रद्धा और वैज्ञानिक ज्ञान दोनों के लिए, संत थामस एक्विनास के अनुसार, बुद्धि का अनुमोदन आवश्यक है।[६] वैज्ञानिक ज्ञान की प्राप्ति में बुद्धि के प्रयोग का लक्षण 'क्यों

रूप वाले' प्रश्नों को उठाना तथा उनका सफलतापूर्वक समाधान करना है। अरस्तू के अनुसार 'क्यों रूपात्मक' प्रश्न को उठाने का अर्थ है कि हम वस्तु अथवा घटना के कारणों को समझना चाहते हैं। आधुनिक विज्ञान में 'क्यों' का अर्थ अधिक व्यापक है। जहाँ हम वस्तु की सांख्यिकीय व्याख्या करने का प्रयास करते हैं वहाँ भी हम 'क्यों रूप वाले' प्रश्न का समाधान करते है। विज्ञान के अनेक क्षेत्रों में सांख्यिकीय व्याख्या का प्रचुर प्रयोग होता है। यदि हम अरस्तू के ग्रन्थ तत्त्वमीमांसा में आये 'क्यों' का अर्थ 'क्यों आदि रूप वाले' प्रश्न करें तो वैज्ञानिक अनुसंधान का अर्थ है- पाँच ककारात्मक प्रश्नों को उठाना तथा उनका सफलतापूर्वक समाधान करना या किसी एक ककारात्मक प्रश्न को उठाना तथा उसका सफलतापूर्वक समाधान करना है। इस समाधान की प्रक्रिया में प्रयोगों का उपयोग वास्तव में प्रकृति के सामने प्रश्नों को उपस्थित करना है। ये पाँच ककार हैं- क्या, कहाँ, कब, किससे तथा क्यों।[७]

मानव जाति में ज्ञान प्राप्त करने की सहज प्रवृत्ति होती है। लेकिन वैज्ञानिकों के बौद्धिक सोच और प्राकृतिक नियमों में अद्‌भुत समानता होती है।[८] प्रसिद्ध अमेरिकी दार्शनिक सी० एस० पर्स (१८३९-१९१४) कहते है, ''जब हम ऐसे वैज्ञानिकों की युक्तियों की परीक्षा करते है जिन्होंने आधुनिक विज्ञान को दिशा दी है तो हमें यह देखकर आश्चर्य होता है कि उनकी युक्तियाँ सहजात्मक प्रवृत्ति पर आधारित निष्कर्षों को अधिक महत्व देती हैं।''[९] वह पुनः कहते हैं, ''..... किसी एक घटना से सम्बन्धित करोड़ों करोड़ परिकल्पनाएँ सम्भव हैं लेकिन मात्र दो या तीन परिकल्पनाओं में से या अधिक से अधिक दर्जन भर परिकल्पनाओं के आधार पर वैज्ञानिक सही परिकल्पना को पकड़ लेता है। तार्किक सिद्धान्त बुद्धि के आन्तरिक प्रकाश से समझ में आते हैं जिसे हम प्राकृतिक प्रकाश (Light of Nature) कह सकते हैं।''[१०] जिस प्रकार धर्म का ज्ञान कृपा के प्रकाश में सम्भव होता है, उसी प्रकार वैज्ञानिक ज्ञान बुद्धि के प्रकाश से आलोकित होता है।

पर्स के अनुसार प्रकृति में आनुमानिक व्यवस्था है तथा यह व्यवस्था अरस्तू के न्यायवाक्य बारबरा (Barbara) के सदृश है।[११] हम यह मानते हैं कि कुछ प्राकृतिक नियम हैं जो न्याय वाक्य में मुख्य आधार वाक्य की तरह हैं, कुछ ऐसे नमूने हैं जो अमुख्य आधारवाक्य की तरह हैं- ये नमूने भविष्यवाणी रूप वाले हो सकते है, उदाहरण

हो सकते हैं या कारण हो सकते हैं जो न्याय वाक्य के मध्य पद का कार्य करते हैं। न्यायवाक्य का जो निष्कर्ष होता है वह प्राकृतिक नियमों के आधार पर या कारणों के आधार पर किये गये कार्य की अनुमिति होती है। यदि हम प्रकृति को इस प्रकार समझते हैं तो विज्ञान में तीन कार्य हैं; (१) नियमों की खोज, जो आगमनात्मक अनुमान से संभावित होता है; (२) कारणों की खोज, जो हेतु फलात्मक अनुमान से सम्भव होता है तथा (३) कार्यानुमान, जो निगमनात्मक अनुमान से संभव होता है।[१२]

उपर्युक्त उक्ति को समझने के लिए हम एक सरल उदाहरण ले सकते हैं। यह बारबरा न्यायवाक्य का उदाहरण है–

सभी प्राणी मरणशील हैं।
सभी मनुष्य प्राणी हैं।
अतः सभी मनुष्य मरणशील हैं।

प्रथम आधारवाक्य को मुख्य आधारवाक्य कहते हैं, द्वितीय आधारवाक्य को अमुख्य आधारवाक्य कहते है तथा तृतीय कथन निष्कर्षात्मक है। अरस्तू के तर्कशास्त्र में इस युक्ति के आकार का नाम बारबरा है। अरस्तू इस आकृति को वैज्ञानिक आकृति मानते है। कोई भी बुद्धिमान व्यक्ति यदि यह मानता है कि किसी वर्ग के सदस्यों का धर्म 'क' है और कोई वस्तु उस वर्ग का सदस्य है तो उसे निश्चित रूप से मानना पड़ेगा कि उस वस्तु का धर्म भी 'क' होगा। यह निगमनात्मक अनुमान है तथा इसकी प्रमाणिकता असंदिग्ध है। अरस्तू के अनुयायियों ने ऐसे विधियों को खोजने की तरफ ध्यान दिया जिससे अन्य अनुमानों को इस आकृति मे ढाला जा सकें। यदि भारतीय विधि से इस न्याय वाक्य को प्रस्तुत करने का प्रयास करें तो इसका स्वरूप होगा–

सर्वे मानवाः मरणशीलाः।
प्राणीत्वात्, अश्ववत्।

इस प्रकार हम देखते है कि न केवल ज्ञान की दृष्टि से आधुनिक विज्ञान में अनुमान का महत्व है अपितु प्रकृति की आन्तरिक संरचना में भी अनुमान व्याप्त है।

II

विज्ञान मात्र सत्य का अन्वेषण नहीं है अपितु सुन्दर सत्य का अन्वेषण है। वेदान्त के अनुसार परमार्थ का स्वरूप सच्चिदानन्दरूप है। विज्ञान के अनुसार व्यवहार में भी सत्य और आनन्द की अनुभूति होती है क्योंकि आनन्द का स्रोत सुन्दरता है तथा भौतिक पदार्थों में सुन्दरता पायी जाती है (ओम् पूर्णमदः पूर्णमिदं पूर्णात्पूर्णमुदच्यते)। अनेक नोबेल पुरस्कार विजेता वैज्ञानिकों ने यह विचार व्यक्त किया है कि सौन्दर्यानुभूति वैज्ञानिक अनुसंधान का एक अनिवार्य घटक है। प्रसिद्ध गणितज्ञ हर्मन वेयल (१८८५-१९५५) का कथन है, ''मैंने अपने अनुसंधान में सत्य को सुन्दरता के साथ जोड़ने का प्रयास किया है, लेकिन जहाँ दोनों में किसी एक के चुनाव का प्रश्न खड़ा हुआ है वहाँ मैंने सुन्दरता को प्रश्रय दिया है।''[९३] इसी प्रकार एक अन्य प्रसिद्ध गणितज्ञ प्वेंकारे का विचार है, ''वैज्ञानिक प्रकृति का अध्ययन इसलिए नहीं करते है कि वह उपयोगी है। वह इसका अध्ययन इसलिए भी करते है कि इस क्रिया में उनको सुखानुभूति होती है; और इसमें सुखानुभूति इसलिए होती है कि प्रकृति सुन्दर है। यदि प्रकृति सुन्दर नहीं होती तो ज्ञान के योग्य भी नहीं होती तथा जीवन भी जीने के योग्य नहीं होता।''[९४]

आधुनिक विज्ञान में दो विशेषताएँ दिखाई देती हैं (१) गणितीय सूत्रों, समीकरणों तथा तकनीकों का वैज्ञानिक तथ्यों के निरूपण में व्यापक प्रयोग; (२) गुणात्मक राशियों को परिमाणात्मक राशियों में ढालकर समझने का प्रयास। ऐंजल्स ने अपने ग्रंथ प्रकृति का द्वन्द्ववाद नामक ग्रन्थ में द्वन्द्ववाद के नियम का प्रतिपादन करते हुए परिमाण का गुण में और गुण का परिमाण में परिवर्तन के सिद्धांत को प्रथम द्वन्द्वात्मक निमय के रूप में स्वीकार किया है।[९५] वैज्ञानिकों द्वारा प्रकृति की सुन्दरता का विवेचन प्रकृति के संख्यात्मक और परिमाणात्मक ज्ञान का फल है। नाइट्रोजन मोनोआक्साइड (N2O) गुणात्मक दृष्टि से नाइट्रोजन पेन्टोक्साइड (N2O5) से भिन्न है, लेकिन इसका कारण परिमाणात्मक है। इसमें प्रथम गैस है जबकि दूसरा सामान्य तापक्रम पर ठोस क्रिस्टल है, दोनों में भेद मात्र यह है कि दूसरे में आक्सीजन (O) की मात्रा पहले की अपेक्षा पाँच गुना है। शीत और उष्ण का गुणात्मक भेद भी तापक्रम के संख्यात्मक भेद पर आधारित है। तापक्रम के अधिक होने पर वस्तु उष्ण प्रतीत होती है तथा कम होने पर ठण्डी। तापक्रम के परिमाण को नापा जा सकता है तथा उसे संख्यात्मक रूप से

प्रगट किया जा सकता है। इस प्रकार हम देखते है कि प्रकृति के अनेक तथ्यों को संख्या और आकृति के माध्यम से प्रदर्शित किया जा सकता है।

वैज्ञानिक परिकल्पना का स्वप्न व्याख्या और नियमों का अन्वेषण है तथा परिकल्पनात्मक विचार आकृतियों के माध्यम से विचार है।[१६]

प्रकृति के विषय में आकृति परक चिंतन तथा संख्यात्मक चिंतन का सत्य को सुन्दरता के साथ जोड़ने में महत्वपूर्ण अंशदान है। कोई भी चित्र सुन्दर तभी प्रतीत होता है जब वह समरूप (symmerical) होता है।[१७] समरूपता, वैज्ञानिकों के अनुसार सुन्दर पदार्थों का एक अनिवार्य घटक है। व्युत्पत्ति की दृष्टि से यह शब्द ग्रीक भाषा का शब्द 'Symitria' से आया हुआ है, जिसका शाब्दिक अर्थ है, दो या दो से अधिक पदार्थों की समतुल्यता जिसे समान मापक से मापा जा सकता है। समरूपता, सुन्दरता, पूर्णता, क्रमता तथा समतुल्यता का लक्षण है। इसका दर्शन प्राकृतिक पदार्थों के निर्माण में तथा मानवीय कलाकृतियों में बहुलता से दृष्टिगोचर होता है। जब हम हवाई जहाज का निर्माण करते है तो हम दोनों पार्श्वों में समान लम्बाई के पंखों को लगाते है। ईश्वर ने हमें दो हाथ दिया है तथा एक हाथ का आकार दूसरे के सदृश होता है। कल्पना करें कि प्रकृति ने मानव को एक पैर, एक हाथ, एक आँख तथा एक कान वाले जीव के रूप में गढ़ा होता। ऐसी स्थिति में मानव के स्वरूप में वह सौन्दर्य नहीं होता जिसे हम आज देखते हैं। प्रकृति यथासंभव समरूपीय साँचे का प्रयोग जीव और जड़ पदार्थों के निर्माण में करती हैं। समरूपता का दर्शन पत्तियों में, फूलों में, जानवरों में, पौधों आदि में निर्माण में सर्वत्र दिखायी देता है। दिन और रात के क्रम में भी समरूपता है। छन्दों के सृजन में तथा अलंकारों के निर्माण में भी समरूपता का स्थान है।

वैज्ञानिक साहित्य में अनेक प्रकार की समरूपताओं का विवेचन किया गया है। यहाँ हम केवल तीन समरूपताओं का निर्देश करेंगे जो विषय के प्रतिपादन के लिए आवश्यक है। गणितीय दृष्टि से किसी वस्तु को समरूप कहा जायेगा, यदि परिवर्तन के उपरान्त उस वस्तु को पुनः प्राप्त किया जा सके। इसका अर्थ है कि समरूप वस्तु परिवर्तनों के मध्य अपरिवर्तित रहती है।[१८]

(१) प्रतिबिम्बात्मक समरूपता (Mirror Symmetry)- इसके उदाहरण के रूप में अंग्रेजी अक्षर- H को लिया जा सकता है। यह बिल्कुल स्पष्ट है

कि H का दाया पार्श्व बाये पार्श्व के समान है। अतः इसे प्रतिबिम्बात्मक समरूपता का उदाहरण कर सकते है।

(२) चक्रक समरूपता (Rotational Symmetry)- इसके लिए हम N अक्षर का उदाहरण ले सकते है। N के दोनों पार्श्वों में समानता नहीं दिखायी पड़ती है, लेकिन यदि N को १८०° पर घुमाये तो पुनः उसको उसी आकार में प्राप्त किया जा सकता है। इसे चक्रक समरूपता कहते है।

(३) विस्थापनीय समरूपता (Translational Symmetry)- यदि किसी वस्तु को हम एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाते है और उसके स्वरूप में परिवर्तन नहीं आता है तो उसे विस्थापनीय समरूपता कहा जा सकता है। यह विस्थापन देश और काल दोनों में हो सकता है। प्रस्तुत उदाहरण में त्रिकोणात्मक आकृति को हम अ, ब रेखा पर स दूरी पर या स के गुणांकों की दूरी पर ले जाये तो आकृति में कोई परिवर्तन दृष्टिगोचर नहीं होता है।



समरूपता का अध्ययन केवल आधुनिक विज्ञान और गणित की विशेषता नहीं है। ग्रीक दार्शनिकों ने भी इसे समझने का प्रयास किया है, लेकिन उन्होंने समरूपता के विवेचन में दैवीय मान्यताओं पर अधिक बल दिया है। अरस्तू ने प्रतिपादन किया कि सौर मण्डल के ग्रह वृत्ताकार पथ पर घूमते हैं, क्योंकि वृत्त में पूर्णता है। प्लेटो ने सिम्पोजियम में एक पौराणिक आख्यान का उल्लेख किया है।[१६] मानव पहले गोलीय आकार वाला था लेकिन उसको पार्श्वीय समरूपता में लाने का कार्य जीयस देवता ने अपोलो की सहायता से किया। उन्होंने यह धमकी भी दी कि यदि मनुष्य पुनः अपराध ा करेगा तो उसकी समरूपता को वह और विखण्डित कर देगें। इसका अर्थ यह है कि ग्रीक दार्शनिक गोलीय समरूपता या वृत्ताकार समरूपता को पार्श्वीय समरूपता से अधि ाक पूर्ण मानते थे। आधुनिक गणित तथा विज्ञान इस दृष्टि से विचार नहीं करता है, अपितु यह जानने का प्रयास करता है कि प्रकृति में कितने प्रकार की समरूपताएँ पायी जाती हैं तथा विभिन्न समरूपताओं का स्वरूप क्या है?

समरूपता और भौतिकशास्त्र के नियमों में अटूट सम्बन्ध है- इसका प्रतिपादन २०वीं शती के वैज्ञानिक अनुसंधान का प्रतिफल है। २०वीं शती के पूर्व समरूपता का अध्ययन हुआ था, लेकिन इसे वैज्ञानिक नियमों के अनुसंधान में प्रमुख अस्त्र नहीं बनाया गया था। समरूपता को महत्वपूर्ण स्थान दिलाने में आइंस्टाइन युग का महत्व है। जर्मन गणितज्ञ विदुषी एमी नोएथर (१८८२-१९३५) इसी युग की उपज है, जिसकी प्रमेयों ने समरूपता को प्राकृतिक बलों के साथ जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।[२०] नोएथर की प्रमेय इस प्रकार है-

भौतिकशास्त्र के नियमों के प्रत्येक अखण्ड निरन्तरतागर्भित समरूपता के लिए एक संरक्षणात्मक नियम अवश्य होगा।

प्रत्येक संरक्षणात्मक नियम के लिए एक अखण्ड निरंतरतागर्भित समरूपता अवश्य होगी।[२१]

यहाँ अखण्डनिरन्तरतागर्भितसमरूपता और खण्डात्मकसमरूपता के भेद को समझना आवश्यक है। जिस देश (space) और काल (time) से हम परिचित हैं उसे वैज्ञानिक अखण्ड-निरंतरता-गर्भित समरूप मानते हैं। खण्डात्मक (discrete) और अखण्डात्मक (continuous) का भेद निम्नांकित प्रकार से किया जा सकता है। प्राकृतिक संख्याओं जैसे- १, २, ३, ४ आदि को हम एक रेखा को क्रमशः आने वाले पड़ाव की तरह देख सकते हैं-

१ ० २ ० ३ ० ४ ० ५ ०.....

यह खण्डात्मक दृश्य है क्योंकि एक से दो पर जाने के लिए हमें कम से कम एक कदम लेना पड़ेगा। जहाँ चलने के लिए किसी कदम की आवश्यकता नहीं होती है उसे अखण्डात्मक कहते हैं। यदि कपड़े से परमाणु तक जाना पड़े तो हमें कपड़े को सूत में सूत को अन्य अवयवों में तोड़ते हुए परमाणु तक पहुँचना होगा, लेकिन देश के छोटे से छोटे प्रदेश में पहुँचने के लिए इस प्रकार के कदम नहीं उठाने पड़गें। अतः देश और काल अखण्डात्मक नैरन्तर्य वाले समरूप हैं।[२२] देश के किसी बिन्दु के लिए भौतिकशास्त्र के नियम अपरिवर्तित रूप से लागू होते हैं। वैज्ञानिक यह मानते हैं कि देश का छोटा से छोटा अंश लें जैसे १/०००, ०००, ०००, ०००, ०००, ०००, ०००, ००० या $(१०^{-२४})$ मीटर लें तो भी हम पाते हैं कि भौतिकशास्त्र के नियम सत्य हैं। इतने

सूक्ष्म स्तर पर अत्यन्त सूक्ष्म माइक्रोस्कोप की भी गति नहीं है, फिर भी नोऐथर के प्रमेय के आधार पर निश्चिततापूर्वक हम कह सकते हैं कि भौतिकशास्त्र के नियम वहाँ घटित होते हैं। इसी प्रकार की स्थिति काल के भी संदर्भ में है। काल के १०–^{२८} सेकण्ड के सूक्ष्म अंश पर भी भौतिकशास्त्र के नियम वैसे ही घटित होते हैं, जैसे स्थूल स्तर पर। इसका अर्थ है कि गणितीय सिद्धान्तों के आधारों पर वैज्ञानिक उसे देखने और समझने में समर्थ होता है, जिसे हम प्रायोगिक यंत्रों और नंगी आँखों से नहीं देख सकते हैं। इसका अर्थ यह भी है कि किसी लघु क्षेत्र में प्रकृति का जो व्यवहार है, वही व्यवहार पूरे ब्रह्माण्ड में है।[२३]

नोऐथर प्रमेय की गम्भीरता और महत्व को प्रदर्शित करने के लिए भौतिकशास्त्र के इतिहास से निम्नांकित घटना का उल्लेख प्रासंगिक होगा। किसी अस्थिर नाभि वाले परमाणु के केन्द्र से तीन प्रकार की किरणों का विकिरण होता है, जिसे वैज्ञानिक अल्फा, बीटा तथा गामा किरण कहते हैं। वैज्ञानिकों ने पाया कि बीटा किरण की प्राप्ति में ऊर्जा के संरक्षण के नियम का उल्लंघन हो रहा है। अनेक प्रयोगों में यह पाया गया कि जब न्यूट्रान का प्रयोगशाला में क्षरण होता है तो इलेक्ट्रान और प्रोट्रान के रूप में प्राप्त होने वाली ऊर्जा, मूल न्यूट्रानिक ऊर्जा से कम है। अतः यहा ऊर्जा और तथा घूर्णन के नियम का उल्लंघन हो रहा है, विज्ञान का अकाट्य नियम है कि ऊर्जा का विनाश नहीं होता है उसके रूप में परिवर्तन होता है।

मूल ऊर्जा से प्राप्त ऊर्जा कम क्यों है?- इस प्रश्न ने वैज्ञानिकों को बहुत परेशान किया। नेल्स बोर ने, जो क्वांटम यांत्रिकी के जनकों में से एक है, यह विचार व्यक्त किया कि ऊर्जा के संरक्षण का नियम स्थूल जगत में सार्थक है, लेकिन परमाणु जगत के विषय में पूर्णतः सत्य नहीं है, इसका एक नमूना उपरोक्त उदाहरण में दिखायी पड़ता है, लेकिन अन्य वैज्ञानिक इस व्याख्या से सन्तुष्ट नहीं थे। यदि बोर का अनुमान सत्य है तो हमें यह मानना पड़ेगा की अखंडात्मक-निरंतरता का अस्तित्व सूक्ष्म जगत में नहीं है। जिससे सूक्ष्म जगत में ऊर्जा के संरक्षण तथा घूर्णन के संरक्षण के नियम का उल्लंघन हो रहा है। जगत की खण्डनात्मक सतह अनेक हैं जो वैज्ञानिक नियमों को प्रत्येक सतह पर घटने नहीं देते हैं। यदि यह जगत अखण्डात्मक है तो नोएथर की प्रमेय का खण्डन नहीं हो सकता है तथा ऊर्जा के संरक्षण का नियम सूक्ष्म जगत में भी सत्य

होना चाहिए।

सन् १९३० में एक युवा वैज्ञानिक वोल्फगैंग पौली[२४] ने एक नये अदृश्य कण की कल्पना की, जो व्याख्या के लिए आवश्यक था। यह कण लुप्त ऊर्जा का वाहक माना गया तथा इसका संकेत इसलिए नहीं मिल पाता था क्योंकि यह आवेश से रहित था। यह कण आज न्यूट्रीनों नाम से जाना जाता है। पौली का अनुमान सत्य सिद्ध हुआ तथा १९५६ में क्लाइड कोवान तथा फ्रेडिक राइन्स ने प्रयोगों के माध्यम से इसका सत्यापन किया।

इस घटना ने विज्ञान को क्रान्तिकारी मोड़ दिया। आज प्रयोगशाला में वैज्ञानिक किसी कण को नहीं पाता है तो वह अखण्डात्मक-समरूपता के सिद्धान्त को मानते हुये ऊर्जा के संरक्षण के सिद्धान्तों को मानता है तथा नये कणों को पाने का प्रयास करता है। नोबेल पुरस्कार विजेता लेडरमैन तथा हील का कहना है कि ''देश और काल की संरचना में समरूपता के सिद्धान्त तथा नोएथर प्रमेय की सत्यता के विश्वास को झटक देना आज अत्यन्त कठिन है।''[२५]

इस प्रकार हम देखते हैं कि सौन्दर्यानुभूति भी वैज्ञानिक पदार्थों के अन्वेषण के लिए दिशा प्रदान करती है। सौन्दर्यबोध केवल काव्यशास्त्र का विषय नहीं है, अपितु विज्ञान का भी विषय है। जिस प्रकार शास्त्रीय संगीत का रसास्वादन अनेक मनुष्यों को सहजता से नहीं होता है, उसी प्रकार वैज्ञानिक पदार्थों में भी रसबोध सभी विद्वानों के लिए सुलभ नहीं होता है। सुन्दरता का सारतत्व, वैज्ञानिकों और गणितज्ञों के अनुसार, समरूपता में निहित है। संगीत में आरोह और अवरोह का क्रम के कारण ही लय की उत्पत्ति हेाती है, अतः समरूपता सौन्दर्यबोध का एक अनिवार्य घटक है। समरूपता जहाँ एक ओर प्राकृतिक पदार्थों के सौन्दर्य का कारण है, वही दूसरी ओर वैज्ञानिक, प्रामाणिक तथा अपरिवर्तशील वैज्ञानिक सत्यों के उद्घाटन के लिए मार्ग प्रशस्त करती है। वैज्ञानिकों के अनुसार जिस समरूपता का वे उद्घाटन करते हैं, उसका विषय वे मूल सिद्धान्त हैं जो प्रकृति और भौतिकशास्त्र के ऐसे नियमों को परिभाषित करते हैं, जो जगत को नियंत्रित करते हैं।[२६]

विज्ञान में नये पदार्थों का अन्वेषण दो प्रकार से सम्भव होता है- (१) प्रयोगों

के माध्यम से तथा (२) मान्य सिद्धान्तों के माध्यम से। मान्य सिद्धान्तों के आधार पर अन्वेषण की प्रक्रिया में प्रमाण संप्लव और अर्थापत्ति नामक प्रमाण की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है। पौली ने १९३० में अर्थापत्ति प्रमाण के आधार पर ही न्यूट्रीनों का अन्वेषण किया जिसमें प्राप्त होने वाली ऊर्जा मूल ऊर्जा से कम थी। अतः पौली ने अदृष्ट ऊर्जा की व्याख्या के लिए नये कण की कल्पना की। १९५६ में इसी का अन्वेषण प्रयोगों के माध्यम से हुआ। इस प्रकार प्रमाण संप्लव के कारण वैज्ञानिकों में नये उत्साह का संचार हुआ। इस संचार का प्रतिफल यह हुआ कि वैज्ञानिक मात्र अर्थापत्ति प्रमाण के आधार पर ही निश्चिततापूर्वक अदृष्ट घटकों के न होते हुए भी नये कणों की भविष्यवाणी करने लगे लेकिन अर्थापत्ति प्रमाण की सफलता के लिए मान्य सिद्धान्तों का दोष रहित होना आवश्यक है। उदाहरण के लिए देवदत्त मोटा है। वह दिन में नहीं खाता है, अतः हमने यह माना कि वह रात में खाता है, लेकिन यह अर्थापत्ति प्रमाण तभी सफल होगा जब हमारी यह मान्यता दोषरहित हो कि बिना खाये कोई मोटा नहीं हो सकता। इसी प्रकार ऊर्जा का संरक्षण तथा घूर्णन के संरक्षण का नियम[२७] यदि अकाट्य सत्य है तो इसके आधार पर हम सफलतापूर्वक अर्थापत्ति प्रमाण का प्रयोग करके नये कणों का विधान या निषेध कर सकते हैं।

III

समरूपता का सम्बन्ध अपरिवर्तनशीलता से भी है। वैज्ञानिकों के अनुसार कोई भी कण, परमाणु, परमाणुओं का समूह, उपग्रह, ग्रह, ब्रह्माण्ड आदि भौतिक तन्त्र (Physical System) का उदाहरण है। किसी भी भौतिक तन्त्र में समरूपता का विधान किया जा सकता है। यदि परिवर्तन की प्रक्रिया से गुजरने के बाद पुनः उस तन्त्र की प्राप्ति पूर्ववत् हो जाती है। समरूपता का अर्थ परिवर्तन की प्रक्रिया से गुजरने के बाद भी वस्तु अथवा तन्त्र की पूर्ववत् स्वरूप की प्राप्ति है।[२८] कल्पना करें कि कोई पुस्तक विक्रेता किसी पुस्तक को दिल्ली से काशी भेजता है। यदि पुस्तक एक दो दिन या एक माह के बाद मिलती है तो उसके स्वरूप में परिवर्तन दृष्टिगोचर नहीं होता है। एक माह के देशान्तर की प्रक्रिया पुस्तक के स्वरूप पर कोई प्रभाव नहीं डालती है। यदि देशान्तर की प्रक्रिया दस साल तक चले, तो पुस्तक की पूर्ववत् प्राप्ति की सम्भावना कम है।

वैज्ञानिक यह रेखांकित करने का प्रयास करता है कि किस परिवर्तन की प्रक्रिया में वस्तु अथवा तन्त्र का कौन सा धर्म या नियम सुरक्षित रहता है। जो सुरक्षित रहता है उसे उस परिवर्तन की प्रक्रिया के सापेक्ष समरूप कहा जायेगा। यदि किसी सोने के छल्ले को घुमाते हैं। तो घुमाने के बाद पुनः उसकी पूर्ववत् प्राप्ति होती है। अतः घुमाने की प्रक्रिया के सापेक्ष सोने का छल्ला समरूप है। लेकिन यदि सोने के छल्ले को हथौड़ी से पीटे तथा उसे त्रिभुजाकार आकृति में या चतुर्भुजाकार आकृति में परिवर्तित करें तो इस प्रक्रिया में सोने की छल्ले की प्राप्ति पूर्ववत् नहीं है। लेकिन यहाँ भी गणितज्ञों के अनुसार आकृति का एक धर्म अपरिवर्तित है। आकृति त्रिभुज हो या चतुर्भुज हो या गोला हो लेकिन उसमें एक आन्तरिक प्रदेश तथा एक बाह्य प्रदेश अवश्य होगा। यदि कोई धर्म, वस्तु या नियम अनेक परिवर्तनों से गुजरते हुये भी पूर्ववत् रहता है, तो वह प्रकृति के मूल नियमों का एक महत्वपूर्ण अंश है। ऊर्जा के संरक्षण का नियम इसका उदाहरण है। भौतिक प्रक्रिया से गुजरने के बाद भी विद्युतीय आवेश का संरक्षण होता है, अतः यह भी प्रकृति का एक महत्वपूर्ण नियम है। न्यूट्रान विद्युत आवेश शून्य है तथा न्यूट्रान के क्षरण के बाद भी शून्य विद्युत आवेश की प्राप्ति होती है- $n^0 \quad p^+ + e^- + v^{-0}$. आवेश की दृष्टि से न्यूट्रान उदासीन है। इसके क्षरण के बाद हमें भावात्मक आवेश वाले प्रोट्रान की प्राप्ति, निषेधात्मक आवेश वाले इलेक्ट्रान की प्राप्ति तथा शून्य आवेश वाले (प्रति) न्यूट्रीनों की प्राप्ति होती है। यदि प्राप्त होने वाले आवेशों को जोड़ते हैं तो हमें यहाँ भी शून्य आवेश की प्राप्ति होती है। यह विद्युतीय आवेश की संरक्षण का महत्वपूर्ण नियम है। इस प्रकार के अनेक नियम भौतिकशास्त्र में समरूपता के आधार पर संकलित हैं।[२६]

समरूपता हमारी व्यर्थ की परिकल्पनाओं पर अंकुश लगाती है। यह संरचना की संभावना को सीमित कर देती है। बहुत सारी वैज्ञानिक काल्पनिक कहानियाँ दूसरे ग्रहों से आने वाले जीवों के विषय में प्रचलित हैं। लेकिन यहाँ भी समरूपता हमारा मार्गदर्शन करती है। दूसरे ग्रह से आने वाले जीव राक्षस हो सकते हैं, लेकिन उनके लिए भी पार्श्वीय समरूपता की आवश्यकता होगी।[३०]

प्रसिद्ध दार्शनिक डेविड ह्यूम ने यह संदेह व्यक्त किया था कि क्या प्रमाण है कि सूर्य अगले दिन उदय होगा? हमारा यह विश्वास कि सूर्य अगले दिन उदय होगा अभ्यास पर आधारित है। लेकिन आज हम इस सिद्धान्त में अधिक विश्वास करते हैं कि सूर्य

कब उदित नहीं होगा, इसकी भविष्यवाणी वैज्ञानिक समुदाय हजारों हजारों साल पहले करने में सक्षम है। हमारा ज्ञान भले ही आगमनात्मक है, संभावनायुक्त है लेकिन एक संभावना दूसरी संभावना से कई गुना प्रबल है। सूर्य कल उदय नही होगा संभावित है तथा वैज्ञानिक सूर्य के उदय न होने की भविष्यवाणी हजारों साल पहले कर सकते हैं- यह भी संभावित है, लेकिन दूसरी संभावना, आज वैज्ञानिक युग में, पहली संभावना से प्रबल होने के कारण इसको निरस्त करती है। सूर्य कल उदय होगा केवल अभ्यासीय आधार पर आज आधारित नहीं है। ह्यूम के समय में यह था। आज हमारा विश्वास अभ्यास के अतिरिक्त ठोस वैज्ञानिक सत्यों पर भी आधारित है। विज्ञान की सफलता मात्र इसमें नहीं है कि उसने हमें कुछ ज्ञान दिया है, अपितु इसमें भी है कि उसने पूर्व दार्शनिकों, विचारकों के अनेक परिकल्पित संशयात्मक जिज्ञासाओं के लिए द्वार बन्द कर दिया है। इसलिए एक वैज्ञानिक कहता है, ''भौतिकशास्त्र के अकाट्य नियम, जो मानव बुद्धि में प्रतिबिम्बित है, रहने वाले हैं।''[३१]

